# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रोहतक

शनिवार 27 जून 2026

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 143
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम** हरियाणा

अधि. 43.4°C
न्यून. 23.0°C


haribhoomi.com





हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना हरियाणा
माह : जून
दिनांक : 27 जून 2026


## खबर संक्षेप

### भारत टी-20 में पहली बार आयरलैंड से हारा

**बेलफास्ट।** टी-20 वर्ल्ड चैंपियन भारत को पहली बार दुनिया में 12वें नंबर की टीम आयरलैंड ने हरा दिया है। बेलफास्ट में शुक्रवार को हुए दो मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में भारत पर 34 रन से जीत हासिल की। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 182 रन बनाए। लॉरकन टकर ने 50 रन की पारी खेली। जवाब में भारतीय टीम 18.5 ओवर में 148 रन ही बना सकी। ओपनर अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा 20 बॉल पर 50 रन बनाए।

*विस्तृत खबर खेल पेज पर*

### अब हाइवे पर मिलेंगी गैराज सुविधाएं

**नई दिल्ली।** सड़क पर लंबी यात्रा करने वालों के लिए एक अच्छी खबर है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण राजमार्ग विश्राम स्थलों पर गाड़ियों की तुरंत मरम्मत और पंक्चर बनाने की सुविधाएं शुरू करने की योजना बना रहा है। इस सुविधा को कई जगह प्रेक्टिकल के तौर पर आजमाया भी जा रहा है जिसका फायदा मिल रहा है। यह फैसला उन कई शिकायतों के बाद लिया गया है, जहां लोग गाड़ी खराब होने पर बीच रास्ते में फंस जाते थे और उन्हें आसपास कोई मदद नहीं मिल पाती थी।

### शंखमित्रा का सालाना 7500 करोड़ का पैकेज

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के शंख मित्रा दुनिया के दूसरे सबसे महंगे सीईओ हैं।



कोलकाता से अपनी पढ़ाई शुरू करने वाले शंख मित्रा अमेरिका की प्रमुख रियल एस्टेट इंवेस्टमेंट ट्रस्ट कंपनी वेलटावर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं। मित्रा का कुल वार्षिक वेतन पैकेज लगभग 821 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी करीब 7,750 करोड़ रुपए आंका गया है। *एजेंसी*

### भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.8% रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** वैश्विक ऊर्जा बाजारों में धीरे-धीरे सामान्य स्थिति बहाल होने और घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद के साथ चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्तीय सेवा कंपनी ईवाई की रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें अपेक्षाकृत निचले स्तर पर स्थिर रहती हैं तो भारत की आर्थिक वृद्धि की सकारात्मक गति फिर से मजबूत हो सकती है। *एजेंसी*

### नीट यूजी रिफंड का ऐलान, 30 तक बैंक जानकारी करें अपडेट

**नई दिल्ली।** एनटीए ने रिफंड की प्रक्रिया शुरू कर दी है। छात्रों को बस 30 जून तक एनटीए पोर्टल पर अपनी बैंक की जानकारी अपडेट या कन्फर्म करनी होगी, ताकि आपका पैसा आपको समय पर मिल जाए। अगर आप यह समय सीमा चूक जाते हैं, तो आपको रिफंड के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। छात्र neet. nta. nic. in पर अपने एप्लिकेशन नंबर और पासवर्ड का इस्तेमाल करके लॉगिन करें। ओटीपी से वेरिफाई करने के बाद आप अपनी बैंक की जानकारी जमा कर सकते हैं। *एजेंसी*

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद के बाद खुद को ट्रस्ट से अलग किया

# चंपत राय का इस्तीफा, ट्रस्टी अनिल मिश्रा की भी छुट्टी

### राय के ड्राइवर टिन्नू समेत 8 गिरफ्तार, ट्रस्ट का किया जाएगा पुनर्गठन

**मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव को भी व्यवस्था से किया बाहर**

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक, मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव को भी मंदिर की व्यवस्था से बाहर कर दिया गया है। चंपत के पास पूरे मंदिर की जिम्मेदारी थी। राय के बाद ट्रस्टी अनिल और गोपाल राव की मंदिर व्यवस्था में बड़ी भूमिका थी। एक हफ्ते पहले सीएम योगी अयोध्या दौरे पर गए थे। उस वक्त चंपत को उनके दौरे से दूर रखा गया था, तभी से यह सुगबुगाहट थी कि उन्हें हटाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अब ट्रस्ट का पुनर्गठन किया जाएगा।



### एफआईआर में बड़े पदाधिकारी नहीं

चढ़ावा चोरी मामले में गुरुवार देर शाम ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर पहली एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसमें चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा समेत अन्य बड़े पदाधिकारियों के नाम नहीं हैं। इसके बाद गुरुवार देर रात रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को सभी 8 आरोपियों का मेडिकल कराने के बाद इन्हें कोर्ट में पेश किया गया। सीजेएम कोर्ट ने सभी आरोपियों को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है।



### एसआईटी ने 23 जून को रिपोर्ट सौंपी

चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया। यूपी सरकार ने 13 जून को एसआईटी बनाई। एसआईटी ने 23 जून को एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (गृह) संजय प्रसाद को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी। इसके 2 दिन बाद कार्रवाई हुई और मंदिर से जुड़े 8 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें टिन्नू, लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा, मनीष यादव, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव और रमाशंकर मिश्रा शामिल हैं। अनुकल्प लवकुश का जीजा है। ये दोनों अनिल मिश्रा के रिश्तेदार हैं। वहीं, मनीष टिन्नू यादव का भतीजा है।

### आरोपियों से 79.85 लाख रुपये बरामद

अयोध्या सीजेएम कोर्ट के अभियोजन अधिकारी केसी वर्मा ने बताया कि 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें सोमवार तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सोमवार को उन्हें दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। सभी आरोपियों से कुल 79 लाख 85 हजार 493 रुपये बरामद किए गए हैं। केवल एक आरोपी सुभाष से कोई बरामदगी नहीं हुई, लेकिन वह साजिश में शामिल था। बाकी आरोपियों से अलग-अलग रकम बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि मामले में सरकारी कर्मचारी और वे लोग भी शामिल हैं, जिन्हें सरकार से वेतन मिलता है। इसके अलावा कई एसबीआई कर्मचारी भी आरोपी हैं। इनमें करीब 5 से 6 एसबीआई कर्मचारी शामिल हैं।

### ट्रस्ट के पुनर्गठन की कवायद शुरू

सूत्रों के मुताबिक, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का पुनर्गठन किया जाएगा। ट्रस्ट में एक सेवानिवृत्त आईएएस या सेवानिवृत्त न्यायाधीश को बतौर सीईओ नियुक्त किया जा सकता है। चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे के बाद ट्रस्ट के पुनर्गठन की कवायद शुरू हो गई है। ट्रस्ट के पुनर्गठन और उसमें नए ट्रस्टी की नियुक्ति का निर्णय पीएम नरेंद्र मोदी, संघ प्रमुख मोहनराव भागवत और सीएम योगी आदित्यनाथ की सहमति से ही होगा।

**दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेंगे : योगी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एसआईटी की रिपोर्ट आते ही कार्रवाई शुरू हो गई। दूध का दूध पानी का पानी करके रहेंगे। जन आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। किसी को छूट नहीं मिलेगी। जो लोग आक्षेप लगा रहे हैं, ये वो लोग हैं जो भगवान राम को नकार चुके थे, कहते थे राम हुए ही नहीं, अयोध्या को भी नकारना चाहते थे। कोर्ट तक पहुंचे, वकीलों की फौज खड़ी कर दी।

## वेनेजुएला में हर तरफ तबाही का मंजर



# मलबे से आ रही आवाजें, भूकंप से अब तक 589 की मौत, 39 हजार लापता

एजेंसी ▶▶| कराकस

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में आए दो भूकंप में अब तक 589 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। जबकि 4300 से ज्यादा लोग घायल हैं। वेनेजुएला में बुधवार यानी 25 जून को साल 1821 के काराबोबो युद्ध की याद में राष्ट्रीय अवकाश था। इसलिए ज्यादातर लोग घरों में थे और फीफा वर्ल्ड कप मैच देख रहे थे। इससे मलबे में दबने वालों की संख्या ज्यादा होने की आशंका है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मलबे के अंदर से आवाजें आ रहीं हैं। सरकार ने देर रात बताया कि 39 हजार से ज्यादा लोग लापता हैं। भूकंप की भयावहता की असल तस्वीर अभी आना बाकी है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप से 10 हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने की 44% आशंका है। वहीं, एक लाख लोगों के जान गंवाने की 30% आशंका है। इस आपदा से वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था को 9.5 लाख करोड़ रुपये के नुकसान हो सकता है। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने आपातकाल लगा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड्रिग्ज से बात कर मदद की पेशकश की है।



- हजारों की संख्या में लोग मलबे में दबे
- भूकंप की भयावहता की असल तस्वीर अभी आना बाकी
- अर्थव्यवस्था को 9.5 लाख करोड़ के नुकसान की आशंका

### भारत ने वेनेजुएला के लिए राहत सामग्री भेजी

**ऑपरेशन अमिस्ताद' शुरू किया**

वेनेजुएला में अभी भी भूकंप से तबाह हुई बिल्डिंगों के मलबे में सैकड़ों लोगों के फंसे होने की आशंका है। आपदा प्रभावित इलाके में अंतरराष्ट्रीय बचाव दल और मानवीय सहायता के पहुंचने के साथ ही आपातकाल की घोषणा कर दी गई है। भारत ने भूकंप प्रभावित वेनेजुएला की मदद के लिए 'ऑपरेशन अमिस्ताद' शुरू किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया कि भारतीय वायुसेना के दो सी-17 विमान भारतीय सेना की फील्ड हॉस्पिटल यूनिट और 35 टन से ज्यादा राहत सामग्री लेकर वेनेजुएला के लिए रवाना हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत इस कठिन समय में वेनेजुएला के साथ खड़ा है और राहत एवं बचाव कार्यों में हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

*(विस्तृत पेज 8 पर)*


## ऑपरेशन सिंदूर के छह शहीदों के नाम सार्वजनिक



**सुनील कुमार** राइफलमैन



**सुरेंद्र कुमार** सार्जेंट



**पवन कुमार** सुबेदार मेजर



**दिनेश कुमार** लांस नायक



**मूड मुरलीनायक** एविएटर



**सुनील कुमार** हवलदार

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए भारतीय सशस्त्र बलों के 6 जवानों के नाम पहली बार आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक किए गए हैं। इन नामों को नेशनल वॉर मेमोरियल की वेबसाइट के 'रोल ऑफ ऑनर' में शामिल किया गया है। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की 3डी वॉल पर साल 2025 के खंड में भी उनके नाम अंकित किए गए हैं। नेशनल वॉर मेमोरियल के त्याग चक्र में 16 गोल ग्रेनाइट की दीवारें हैं, जिन पर आजादी के बाद से देश के लिए अपनी जान देने वाले हर सैनिक का नाम, रैंक और यूनिट लिखी हैं। दरअसल, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। 26 टूरिस्ट की हत्या की गई थी। भारतीय सेना ने 6-7 मई रात पीओके में आतंकी ठिकानों पर हमला किया था। इस दौरान 100 से ज्याद आतंकी मार गिराए थे। भारत पाकिस्तान के बीच 4 दिन हवाई युद्ध चला था। 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ था।

## मानसूनी राज्यों में तेज बारिश प्रदेश में आज से बदलेगा मौसम

- कोलकाता-जयपुर में सड़कें डूबीं, अस्पताल दुकानों में पानी भरा
- मध्यप्रदेश के इंदौर में हादसों की आशंका से 15 टूरिस्ट प्लेस बंद
- यूपी-बिहार में हीटवेव का असर, मानसून आठ दिन लेट

**नई दिल्ली।** राजस्थान में मानसून के इंतजार के बीच गुरुवार को जयपुर में तेज बारिश हुई। करीब आधे घंटे में हुई 50 एमएम बारिश से सड़कें डूब गईं। कई वाहन पानी की वजह से बंद हो गए। कई दुकानों-मकानों में भी पानी भर गया। कोलकाता में भी कुछ ऐसा ही हाल रहा। दोपहर में करीब एक घंटे की बारिश से शहर की मुख्य सड़कों पर एक फीट तक पानी भर गया। कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल के अंदर तक पानी घुस गया। बारिश से हादसों की आशंका को देखते हुए मध्य प्रदेश के इंदौर में 15 पर्यटन स्थलों में 22 अगस्त तक एंट्री बंद कर दी गई है। राज्य के शाजापुर में बिजली गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 2 से 4 दिनों में मानसून पूरे राज्य को कवर कर सकता है। इधर, यूपी में मानसून 8 दिन लेट है। यह आमतौर पर 20 जून तक आ जाता है लेकिन इस बार 15 दिनों से बिहार बॉर्डर पर रुका है।



**शिमला में भारी बारिश, दिन में अंधेरा छाया**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी में दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और भारी बारिश हुई। तेज बारिश के बाद शहर की सड़कें और रास्ते पानी से भर गए। शाम 4 बजे ही अंधेरा सा छा गया। मौसम विभाग ने ताजा बुलेटिन जारी कर चंबा, शिमला, कुल्लू, मंडी और सिरमौर बारिश के साथ आंधी-तूफान का यलो अलर्ट जारी किया है।

### प्रदेश में चार दिन राहत

प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग ने 27 से 30 जून के लिए गरज-चमक, बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। साथ ही 26 से 27 जून और 29 जून से 1 जुलाई के बीच प्रदेश में कहीं-कहीं आंधी, गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना बनी रहेगी। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। प्रदेश में अभी अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

## संजय दत्त बने हरियाणा कांग्रेस के नए प्रभारी

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए हरियाणा के लिए नए प्रभारी की नियुक्ति कर दी है। पार्टी अध्यक्ष की मंजूरी के बाद जारी आदेश के अनुसार एआईसीसी के सचिव संजय दत्त को हरियाणा का नया प्रभारी बनाया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। पार्टी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में हरियाणा, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के लिए नए प्रभारियों के नाम घोषित किए गए हैं। हरियाणा में अब तक प्रभारी रहे बीके हरिप्रसाद की जगह संजय दत्त को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संजय दत्त फिलहाल एआईसीसी में सचिव के पद पर कार्यरत हैं। वे हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी रह चुके हैं।



हिमाचल के सह-प्रभारी रह चुके

## कांग्रेस सांसद जयप्रकाश जेपी दुर्घटना में घायल

**उचाना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हिसार से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश जेपी की गाड़ी का शुक्रवार दोपहर बाद दुर्घटना की शिकार हो गई। इस दौरान उन्हें हल्की चोटें आईं। दिल्ली-पटियाला हाईवे बड़ौदा-उचाना के बीच उनकी गाड़ी के आगे अचानक बेसहारा पशु (बैल) आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्ती थी कि गाड़ी के सारे एयरबैग खुल गए। अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जयप्रकाश को गाड़ी से नागरिक अस्पताल उचाना लेकर आया गया। उनकी कुछ चोट उंगली, पांव पर खरोज आई है। उपचार के बाद उनको छुट्टी दे दी गई। सीएम नायब सिंह सैनी ने फोन कर सांसद जयप्रकाश का हालाचाल पूछा।



बेसहारा पशु अचानक आने से हुआ हादसा

## सहारनपुर में सड़क हादसे में सोनीपत के 4 लोगों की मौत

**हरिद्वार जाते समय बोलेरो ने कार को मारी टक्कर**

**बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)।** सेक्टर-6 का एक परिवार उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में शुक्रवार शाम भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य सदस्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान सेक्टर-6 निवासी प्रवीण, उनकी पत्नी प्रीति, मां सुदेश और भतीजे शिवांश के रूप में हुई है। वहीं, हादसे में प्रवीण के भाई जयदेव, भाभी प्रीति और भतीजी जाह्नवी घायल हो गए। सोनीपत के मंडोरा गांव निवासी चरण सिंह का परिवार 10 साल पहले बहादुरगढ़ शिफ्ट हो गया था। परिवार शुक्रवार दोपहर टाटा टियागो कार से गंगा स्नान के लिए हरिद्वार रवाना हुए था। शाम के समय उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में देहरादून-पंचकूला हाईवे पर उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर सरसावा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहनों से शवों को निकालने का वीडियो भी वायरल हो गया।

**तीन घायलों का चल रहा इलाज, बंडोरा गांव का परिवार जा रहा था घूमने**

## बैंक फ्रॉड में गिरफ्तार आईएएस अधिकारी पंकज अग्रवाल सस्पेंड

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** करोड़ों रुपये के बैंक लोन घोटाले को लेकर हरियाणा सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं आर्किटेक्चर विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल को निलंबित कर दिया है।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी आदेश के अनुसार पंकज अग्रवाल को 22 जून 2026 से निलंबित माना गया है। यह कार्रवाई अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम, 1969 के तहत की गई है, क्योंकि वे 48 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में रहे। सरकारी आदेश के अनुसार, सीबीआई ने भ्रष्टाचार और आपराधिक कदाचार से जुड़े मामले में जांच के लिए पहले राज्य सरकार से भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17(ए) के तहत अनुमति मांगी थी। राज्य सरकार ने 11 मई 2026 को जांच की अनुमति प्रदान कर दी थी। इसके बाद सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए पंकज अग्रवाल को 22 जून की रात हिरासत में लिया। बैंक फ्रॉड के इस बड़े नेटवर्क में आईएएस अधिकारी की भूमिका और उनके द्वारा किए गए कथित लेन-देन की सीबीआई बेहद गहनता से जांच कर रही है। फिलहाल, आईएएस पंकज अग्रवाल अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं।

**48 घंटे से ज्यादा हिरासत में रहने पर निलंबित करने का है प्रावधान**

## सरकारी नौकरी, खेल कोटे व अन्य लाभों में मिलेगा सीधा फायदा

# प्रदेश के खिलाड़ियों को तोहफा : हरियाणा ओलंपिक गेम्स को सरकारी ग्रेडेशन की मान्यता

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश के खिलाड़ियों के हित में एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए स्पोर्ट्स ग्रेडेशन नीति में संशोधन कर हरियाणा ओलंपिक गेम्स को आधिकारिक मान्यता दे दी है। खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से जारी राजपत्र (गजट) अधिसूचना के अनुसार अब हरियाणा ओलंपिक गेम्स के प्रदर्शन को भी स्पोर्ट्स ग्रेडेशन सर्टिफिकेट के लिए मान्य प्रतियोगिताओं में शामिल किया जाएगा। यह संशोधन पहली नवंबर, 2025 से प्रभावी माना जाएगा। इस निर्णय को प्रदेश के हजारों खिलाड़ियों के लिए बड़ी राहत और उनके भविष्य को मजबूत करने वाला कदम माना जा रहा है। इस बदलाव से हर साल हरियाणा के पाँच हज़ार के लगभग खिलाड़ियों को फ़ायदा होगा।

### नीति में अहम संशोधन

सरकार ने वर्ष 2018 की स्पोर्ट्स ग्रेडेशन गाइडलाइन में संशोधन करते हुए प्रतियोगिताओं की सूची में श्रेणी-13 के अंतर्गत हरियाणा ओलंपिक गेम्स को शामिल किया है। अधिसूचना के अनुसार अब कई प्रतियोगिताओं के प्रदर्शन को ग्रेडेशन के लिए मान्यता मिलेगी। इनमें हरियाणा स्टेट गेम्स (हरियाणा ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित), हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप, हरियाणा स्टेट वूमेन स्पोर्ट्स, हरियाणा स्टेट खेल महाकुंभ और हरियाणा स्टेट ग्रामीण एवं पंचायत खेल शामिल हैं। इसके साथ यह भी स्पष्ट किया गया है कि संबंधित खेल वही होंगे, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक चार्टर, भारतीय ओलंपिक संघ अथवा संबंधित विश्व खेल निकाय मान्यता देते हैं।

### खुलेंगे नए अवसर

स्पोर्ट्स ग्रेडेशन सर्टिफिकेट खिलाड़ियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों में से एक माना जाता है। इसी के आधार पर खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में खेल कोटा, भर्ती प्रक्रियाओं, विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा अन्य संस्थागत लाभों का पात्र माना जाता है। अब हरियाणा ओलंपिक गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी इन लाभों के लिए ग्रेडेशन का अधिकार मिलेगा, जिससे बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के लिए नए अवसर खुलेंगे।

### ओलंपिक संघ के प्रयासों को मिली सफलता

खेल जगत में इस फैसले का श्रेय हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष कैप्टन जसविंदर सिंह 'मीनू' बेनीवाल के लगातार प्रयासों को दिया जा रहा है। लंबे समय से संघ की ओर से यह मांग उठाई जा रही थी कि हरियाणा ओलंपिक गेम्स को भी ग्रेडेशन नीति में शामिल किया जाए, ताकि राज्य स्तरीय बहु-खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी वही अवसर मिलें, जो अन्य मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं के खिलाड़ियों को मिलते हैं। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के बाद यह मांग पूरी हो गई है।

# गांव-शहर में बनेगी ज्वाइंट टास्क फोर्स, नशा तस्करों पर कसेगा शिकंजा

## ■ नशा छोड़ने वालों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण और रोजगार : मुख्यमंत्री

हर जिले में सीनियर सिटीजन क्लब भी बनेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



हरियाणा में नशे के खिलाफ अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए सरकार गांवों और शहरों में ज्वाइंट टास्क फोर्स का गठन करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इन टास्क फोर्स का उद्देश्य नशे की बिक्री के नेटवर्क को तोड़ना और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के मन में कानून का ऐसा भय होना चाहिए कि वे इस धंधे से तौबा कर लें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा विजन-2047 के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग के अगले पांच वर्षों के रोडमैप और कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभाग से जुड़ी मुख्यमंत्री घोषणाओं, बजट घोषणाओं और संकल्प पत्र के बिंदुओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के अंत में मुख्यमंत्री ने सभी को नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ भी दिलाई।

### जनप्रतिनिधि, कर्मचारी और स्वयंसेवी संस्थाएं टीम में शामिल होंगी

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच, वार्ड सदस्य, बीडीपीओ, एसएचओ और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को शामिल कर तथा शहरी क्षेत्रों में नगर निकाय अधिकारियों, वार्ड पार्षदों, पुलिस और एनजीओ के सहयोग से संयुक्त टास्क फोर्स गठित की जाए। यह टीम नशे की बिक्री वाले स्थानों की पहचान कर विशेष अभियान चलाएगी।

### नशा छोड़ने वालों की तीन माह तक निगरानी होगी

उन्होंने कहा कि प्रदेश में नशा मुक्ति और पुनर्वास केंद्रों का विस्तार किया जाएगा। नशा छोड़कर बाहर आने वाले लोगों की कम से कम तीन महीने तक निगरानी की जाएगी तथा उन्हें कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी, ताकि वे दोबारा नशे की गिरफ्त में न जाएं। बैठक में मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने पात्र लोगों के व्यक्तिगत और पारिवारिक विवरण में संशोधन की ऑनलाइन व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन या अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने पिछले तीन माह में 63 हजार नए लाभार्थियों को पेंशन योजनाओं से जोड़ने पर संतोष व्यक्त किया।

## सर्दियों से पहले प्रदूषण पर बड़ा प्रहार, 925 इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी



**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सर्दियों के दौरान बढ़ने वाले वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए हरियाणा सरकार ने व्यापक कार्ययोजना लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत राज्य में 925 नई इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी, 45 सतत वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र स्थापित किए जाएंगे और 1 अक्टूबर से 'नो पीयूसीसी, नो फ्यूल' नीति लागू होगी। साथ ही लगभग 1,000 किलोमीटर सड़कों का पुनर्विकास कर धूल प्रदूषण कम करने पर भी जोर दिया जाएगा। इन तैयारियों की समीक्षा शुक्रवार को मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की उच्चस्तरीय बैठक में की। उन्होंने सभी विभागों को सर्दियों से पहले प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े सभी कार्य तय समय में पूरे करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, पानीपत, करनाल और रोहतक में वर्ष 2026 के दौरान 925 इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जाएंगी। वर्तमान में 70 बसें संचालित हैं।

## 18 अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगेंगे

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा ढांचे को मजबूत करने के लिए 18 करोड़ रुपये से अधिक के खरीद प्रस्तावों और रेट कॉन्ट्रैक्ट को मंजूरी दी है। यह निर्णय स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की अध्यक्षता में हुई स्पेशल हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में लिया गया।बैठक में लगभग 1.85 करोड़ रुपये की लागत से 40 यूनानी दवाओं की खरीद, 44 लाख रुपये के इंट्राओकुलर लेंस (आईओएल) तथा थैलेसीमिया मरीजों के लिए 82 लाख रुपये की दवाओं की खरीद को मंजूरी दी गई।स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 18 जिला नागरिक अस्पतालों में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट और टैंक स्थापित करने के लिए करीब 9.55 करोड़ रुपये के दो वर्षीय रेट कॉन्ट्रैक्ट को अंतिम रूप दिया गया है।

## फायर सेफ्टी को लेकर राज्यभर में चलेगा विशेष अभियान

■ मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को सेफ्टी ऑडिट के निर्देश दिए

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्यभर में अग्नि सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में कोचिंग सेंटर, पीजी आवास, होटल, औद्योगिक इकाइयों, व्यावसायिक भवनों और अन्य भीड़भाड़ वाले प्रतिष्ठानों की पहचान कर उनका फायर सेफ्टी ऑडिट कराएं। मुख्य सचिव ने कहा कि जिन प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हो रहा है, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही होटल संचालकों, उद्योगपतियों और कोचिंग सेंटर संचालकों के साथ बैठकें आयोजित कर उन्हें आग से बचाव, रोकथाम और आपदा प्रबंधन के आधुनिक उपायों की जानकारी दी जाए। उन्होंने राज्यभर में जन-जागरूकता अभियान चलाने और नगर पार्षदों व वार्ड समितियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## ड्रेनों की सफाई न होने से बाढ़ का खतरा : चौटाला

**चंडीगढ़।** इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता कर हरियाणा सरकार पर कई मुद्दों को लेकर निशाना साधा।



उन्होंने आरोप लगाया कि मानसून से पहले नहरों और ड्रेनों की सफाई का कार्य अधूरा है, जिससे सिरसा, फतेहाबाद, यमुनानगर सहित कई जिलों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। चौटाला ने दावा किया कि 30 जून तक सफाई का कार्य पूरा होना था, लेकिन अब तक करीब 60 प्रतिशत काम बाकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि नहरों से गाद निकालने के बजाय सरकार ने अपने चहेते लोगों को बिना लाइसेंस क्रशर उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने कहा कि नरवाना ब्रांच में पर्याप्त पानी नहीं होने से कई क्षेत्रों में पेयजल और सिंचाई संकट बना हुआ है। इस मौके पर पार्टी नेता मौजूद रहे।

## 5 करोड़ से अधिक के टेंडरों का ब्योरा वेबसाइट पर अपलोड करना होगा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सरकारी खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों, बोर्डों-निगमों के प्रबंध निदेशकों और विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को निर्देश जारी किए हैं कि 5 करोड़ रुपये से अधिक के सभी टेंडरों और अनुबंधों का पूरा विवरण विभागीय वेबसाइट और उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के राज्य खरीद पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए। निर्देशों के अनुसार, अपलोड की जाने वाली जानकारी में खरीद करने वाले विभाग का नाम भी शामिल होगा।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जसपाल सिंह प्रोपराइटर मेसर्स संधु इंटरप्राइजेज पताः महादेव कॉलोनी सौभाग्या रिसार्ट के पास, यमुना नगर, हरियाणा** ने **CC No. 850/2022 U/s 138 NI Act, थानाः पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जसपाल सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जसपाल सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 850/2022 U/s 138 NI Act, थानाः पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जसपाल सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 28.07.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री विकास मदान**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी**
**पश्चिम, रूम नं. 269, दूसरी मंजिल**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/8661/OD/2026 (Court Matter)**


## सिर्फ दावे से नहीं मिलेगा नियमितीकरण : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि नियमितीकरण का अधिकार केवल दावा करने से नहीं मिल सकता। यदि कोई कर्मचारी लंबे समय तक सेवा में रहने का दावा करता है तो उसे इसके समर्थन में ठोस दस्तावेजी साक्ष्य भी प्रस्तुत करने होंगे। अदालत ने कहा कि विवादित तथ्यों की जांच रिट याचिका के दायरे में संभव नहीं है और ऐसे मामलों में संबंधित कर्मचारी को लेबर कोर्ट या औद्योगिक न्यायाधिकरण का रुख करना चाहिए। जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की खंडपीठ ने यमुनानगर निवासी एक कर्मचारी की अपील खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। याची का दावा था कि वह वर्ष 1990 से हरियाणा सरकार के अधीन लगातार कार्यरत हैं और इसलिए उनकी सेवाएं नियमित की जानी चाहिए। हालांकि, अदालत ने पाया कि उनके दावे के समर्थन में कोई ठोस दस्तावेज पेश नहीं किया गया।

## बैंक घोटाला : आईएएस प्रदीप कुमार ने मांगी अग्रिम जमानत

**चंडीगढ़।** बहुचर्चित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले की जांच का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज मामले में आरोपी आईएएस अधिकारी प्रदीप कुमार ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पंचकूला जिला अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। अदालत ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद सीबीआई को नोटिस जारी करते हुए 2 जुलाई तक जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित शर्मा की अदालत में शुक्रवार को दायर याचिका में आरोपी की ओर से अग्रिम जमानत की मांग की गई। अदालत ने याचिका स्वीकार करते हुए सीबीआई से जवाब तलब किया है। अदालत ने अपने आदेश में हाईकोर्ट के कुलवंत सिंह बनाम पंजाब सरकार मामले में जारी दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए अहलमद को निर्देश दिए हैं कि वह उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट से यह सत्यापित करे कि इस प्राथमिकी से जुड़े किसी भी आरोपी की जमानत याचिका उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में लंबित है अथवा उसका निपटारा हो चुका है।


## CH. DEVI LAL COOP. SUGAR MILLS LTD., GOHANA.

**Tender Notice**

Contact Numbers: 7988450654 (C.E.): 8199040406 (APO)

Sealed/By E. Mail tenders are invited from Mmanufacturers / Traders / Aauthorized Ddistributors/Eexperienced (sugar) Exporters for following items.

1) Hiring Contract for JCB (2026-27).
2) Purchase of Rubber Conveyor Belt.
3) Printed of P.P. Bags.
4) Replacement of Fibrizer Motor Lead.
5) AMC of Air Compressor.
6) Replacement of Rotor Shaft.
7) Purchase of M.S. Bend & Flange.
8) AMC of Bag Stitching Machine
9) AMC of Weighbridge for the crushing season 2026-27.
10) Installation of Diffusers.
11) AMC of Sugar Bag Printing Machine (During Season 2026-27)
12) Repairing and calibration of Air Ambient Quality Monitoring System.
13) Repairing and AMC of dosing pumps for crushing season 2026-27.
14) AMC & Overhauling of Air Blower at ETP.
15), AMC of servicing contract of automatic weighing & bagging machine for the crushing season 2026-27.
16) Casting & machining of Cover & Bearing Plate of Several Motors.
17) Servicing & Overhauling of Hydraulic Thrister of Cane Unloader
18) Purchase of H.S.S.-Flat.
19) Purchase of General Item
20) Purchase of S.S. Nut & G.I Nut.
21) Purchase of Rubber Spare.
22) Purchase of Stitching Machine Spare.
23) Purchase of Auto Bagging Machine Spares.
24) Purchase of Carbon Brush.
25) Purchase of polyamide Hose Pipe & Fitting.
26) Dehydration of power Turbine, Transformer Oil.
27) Repairing of high pressure water jet & sand blasting of both Turbine
28) Repairing of Steam Valves
29) Repairing of oil Pump C/F Machine
30) Purchase of Boiler Gauge Glass.
31) Purchase of Hammer Tip.
32) Repairing of LED Light. (Make Havells, Philips, Bajaj) 33)
33) Purchase of Welding Accessories, Make-Ador/Esab
34) Purchase of Pump Spare (Kirloskar Make).
35) Purchase of PVC Spray Nozzles & Oil Seal.
36) Purchase of Rubber seal Kit.
37) Dismantling & Replacement of Moter Lead By New Lead Including Brizing & Lugging of these Motors.
38) Repairing & servicing of Polarimeter.
39) Purchase of Spiral Gasket.
40) Repairing of Vacuum Filters
41) Purchase Material and Labour Cost of Control Panel (MCCB 250A FP 25KA).
42) Purchase Material and Labour Cost of Control Panel (MCCB 160A FP 25KA).
43) Recharge of Bore well (2 nos) at different location in mill premises.
44] Installation of Rain water harvesting system in the mills premises

The tender form can be purchased from Purchase Section or down load from Mill website gohanasugars.com after payment of Tender Fee Rs. 200/- each (non refundable) during working hours. The party can Pay the Tender Fee in sugar Mill Account No 17321450000103, IFS Code HDFC0001732, Bank Name HDFC BANK, GOHANA Tender should reach in the office of undersigned through Mail (cdlsmgohana@gmail.com) or by hand before 06/07/2026 up to 10:30 A.M. All parties are requested to give their final rates as the negotiation if required will be done on 06/07/2026 at 02:30 P.M. All parties are directed to attach the proof of their authorized dealership/distributors/experience along with tender. Undersigned reserves the right to cancel/reject any/all tenders without assigning any reason whatsoever.

**Sd/-Managing Director**



## उत्तर रेलवे

ई–टेंडरिंग

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–05/2026–27 दिनांक 25.06.2026**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रु.) | बोली प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-विधुत–05/2026-27 (ओपन टेंडर) | अंबाला डिवीज़न के अंतर्गत सबमर्शिबल/एचएस मोटर और पंप सेट की मरम्मत और सबमर्शिबल वॉटर पंप को ऊपर उठाने/नीचे उतारने के कार्य हेतु। | Rs. 6378191.09 | Rs. 127600.00 | 18 महीने | 20.07.2026 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार **PAN/TIN/GST** सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेज़ों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के **15:00 बजे** से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **2216/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में सिसाय बोलान में राजकीय आईटीआई का निर्माण (बकाया कार्य) (जीएसटी के बिना)। | 25.06.2026 04.07.2026 | 84,28,528/- | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी मंडल, चरखी दादरी के सम्बन्ध में हार्डवेयर मदों की आपूर्ति, एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी मंडल, चरखी दादरी के सम्बन्ध में विद्युत मदों की आपूर्ति, वर्कशॉप डिवीजन, चरखी दादरी के सम्बन्ध में विद्युत मदों की आपूर्ति, महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, नारनौल के सम्बन्ध में हार्डवेयर मदों की आपूर्ति, महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, नारनौल के सम्बन्ध में विद्युत मदों की आपूर्ति। | 24.06.2026 08.07.2026 | 104 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल हांसी | धरम खेड़ी :- गांव धरम खेड़ी, जिला हिसार में जलापूर्ति योजना का संवर्धन और वितरण प्रणाली बिछाना। "1 अदद आरसीसी एसएस टैंक का निर्माण, 0.50 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण, 2 अदद ब्रिक लाइनिंग एसएस टैंक का विखण्डन कच्चा एवं स्वच्छ जल हेतु आर.सी.सी. एस/डब्ल्यू का पुनर्निर्माण, नई चारदिवारी का निर्माण, इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण, मौजूदा एसएस टैंक की मरम्मत, जल घर के अंदर खुला इनलेट चैनल का निर्माण, पम्प चेम्बर की मरम्मत, घरेलू कनेक्शन की बहाली, पम्पिंग मशीनरी, कच्चा जल व्यवस्था, 1 अदद आरसीसी रिटेंशन टैंक का निर्माण, प्रोप. 200 मिमी कच्चा जल आर/मेन, पम्पिंग मशीनरी, डीआई पाइप लाइन बिछाना एसवी हौदी और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य।" | 18.06.2026 01.07.2026 | 6,93,23,741/- | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |
| 4 | वन पानीपत | पानीपत रेंज और समालखा रेंज में कैम्पा एनपीवी टीपी/रिज स्कीम का रखरखाव। | 24.06.2026 01.07.2026 | 32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295112345 dfopanipat04@yahoo.co.in |
| 5 | लोनिवि भ व प शाखा फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में पीएसडी भुना के विभिन्न रोड (आईडी-5379, 5545, 5367) पर स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन बिछाने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए गए रोड कट का पुनरोद्धार। | 25.06.2026 02.07.2026 | 19,54,689/- | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 6 | भगत फूल सिंह राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में कैंटीन सेवाओं + एक अन्य कार्यों के लिए निविदा। | 26.06.2026 06.07.2026 | ईएमडी 1,25,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 7 | लोनिवि भ व प शाखा करनाल | घरौंडा जिला करनाल में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स के परिसर में 1 अदद 50 केवीए डी.जी. सैट का प्रावधान + 6 कार्य। | 23.06.2026 29.06.2026 | 1,11,75,900/- | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 8 | महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा (पंजीरी प्लांट घरौंडा) | वर्ष 2026-27 हेतु माइक्रोन्यूट्रियेंट्स प्रीमिक्स की खरीद के लिए दर अनुबंध (निविदा आईडी :- 2026_HRY_531999_1) | 26.06.2026 14.07.2026 | 6 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466703499 panjiriplantwcdgharaunda@yahoo.co.in |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | हरियाणा के राजकीय विद्यालयों में कक्षा-II-XII के लिए ड्यूअल डेस्क्स की अधिप्राप्ति के लिए वार्षिक दर अनुबंध की व्यवस्था करने हेतु निविदा। | 26.06.2026 27.07.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग चरखी दादरी | स्टोर में विभिन्न हार्डवेयर/विद्युत मदों की आपूर्ति के सम्बन्ध में। | बंद होने की तिथि 08.07.2026 | 16.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज पंचकूला | जसवंतगढ़ वार्ड नं. 19 : गांव जसवंतगढ़, जिला पंचकूला में रविदास मंदिर से शौखात के मकान तक फिरनी का निर्माण (वीएएनजीवाई 2025-26) + 4 कार्य। | 25.06.2026 02.07.2026 | 17,12,785/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग सिरसा | ओट्टू सेक्शन में आरडी 0 से 25288 टेल तक रानियां माइनर (लाइंड) की आंतरिक, बाहरी और गाद सफाई हेतु आकलन (खरीफ सीजन 2026 के लिए) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 30.06.2026 | 6,64,081 | https://etenders.hry.nic.in | 1666235721 xenghaggar@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज पंचकूला | हथिया – ब्लॉक मोरनी, जिला पंचकूला में मेन रोड से गांव हथिया, जीपी उत्तरों तक गली का निर्माण (एसडीए 2025-26) + 3 कार्य। | 24.06.2026 02.07.2026 | 12,30,382/- | https://etenders.hry.nic.in | 7901797988 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 14 | वन सोनीपत | गोहाना रेंज में एमटीएस. के वानिकी कार्य, सोनीपत रेंज में एमटीएस. के वानिकी कार्य। | बंद होने की तिथि 30.06.2026 | 66,86,243/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302988833 dfosonipat@gmail.com |
| 15 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | (एलडीपीई/ब्लैक) 19946* अदद कंडम एलडीपीई ब्लैक कवर्स* एक एलडीपीई कवर का वजन : 56 कि.ग्रा. | 27.06.2026 27.07.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |
| 16 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | (एमईसीएल/ब्ल्यू) 12314* अदद कंडम एमईसीएल ब्ल्यू कवर्स* एक एमईसीएल ब्ल्यू कवर का वजन : 37.500 कि.ग्रा. | 27.06.2026 27.07.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |
| 17 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | (एमईसीएल टारपौलिंस) 34161* अदद कंडम एमईसीएल टारपौलिंस कवर्स* एक एमईसीएल टारपौलिंस का वजन : 18 कि.ग्रा.। | 27.06.2026 27.07.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |
| 18 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | (एल्यूमीनियम फ्लास्क) 664841* अदद कंडम एल्यूमीनियम फ्लास्क* एक एल्यूमीनियम फ्लास्क का वजन : 120 ग्राम प्रति फ्लास्क। | 27.06.2026 27.07.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |
| 19 | सिंचाई विभाग, हिसार जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, हिसार | बीडब्ल्यूएस यांत्रिकी उपमंडल फतेहाबाद के आरडी 4750 लिफ्ट माइनर पर पीएच के 2 अदद वीटी पम्प्स 4 सीएस की मरम्मत। | 25.06.2026 01.07.2026 | 60,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662239534 xenwsdmechhsr@gmail.com |
| 20 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा पंचकूला | आउटसोर्सिंग मैनपावर सेवाओं हेतु निविदा। | 25.06.2026 08.07.2026 | 2,00,000/- | www.agriharyana.gov.in | 7508169999 agriadmn11@gmail.com |
| 21 | भगत फूल सिंह राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) स्टोरेज वेसेल सिस्टम की आपूर्ति, प्रचालन, स्थापना और लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति + 10 अन्य कार्यों हेतु निविदा। | 26.06.2026 02.07.2026 | ईएमडी 1,66,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : **www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**     पीआरडीएच-11/2027/420/46621/I/88/6 दि. 26.06.26



## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, मुम्बई 400051

### स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी।

देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 27 जुलाई 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नम्बर | कर्जदार का नाम | नीलामी शाखा पता |
|---|---|---|
| शाखा का नाम : बालसमंद | | आईसीआईसीआई बैंक लि., गांव व डा. बालसमंद, ज़िला हिसार, हरियाणा – 125004 |
| 661257015088 | राजबीर | |
| शाखा का नाम : भिवानी | | आईसीआईसीआई बैंक लि., मेन चौक, सर्कुलर रोड, भिवानी – 127021 |
| 072957000423 | प्रवीन प्रवीन | |
| शाखा का नाम : धारूहेड़ा | | आईसीआईसीआई बैंक लि., राव रतन सिंह कॉम्प्लेक्स, निकट गणपति प्लाजा, नंदरामपुर बास रोड, धारूहेड़ा, रेवाड़ी ज़िला, हरियाणा – 123106 |
| 162905002403 | रणजोध सिंह | |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद, सेक्टर-31 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ नंबर 63, हुडा मार्केट, सेक्टर-31, फरीदाबाद, हरियाणा-121003 |
| 488905000164 | शालू गोयल | |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद- एनआईटी | | आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 5-ए, नेहरू ग्राउंड (नेहरू पार्क), एन.आई.टी. फरीदाबाद, हरियाणा-121001 |
| 102557000588 | मनीषा जायसवाल | |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद- सेक्टर-16 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., बूथ नंबर 104105, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, सेक्टर-16, फरीदाबाद, हरियाणा-121007 |
| 008357001442 | विवेक शर्मा | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेंट्रल आर्केड | | आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 109, 110, 112, 140, 141, 142, 143, 144, ग्राउंड फ्लोर, सेंट्रल आर्केड, डीएलएफ सिटी, फेज II, गुड़गांव, हरियाणा-122002 |
| 661457015010 | राहुल कुमार | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - डीएलएफ कार्पोरेट पार्क | | आईसीआईसीआई बैंक लि., ब्लॉक नंबर 1, ग्राउंड फ्लोर, डीएलएफ कॉर्पोरेट पार्क, डीएलएफ फेज III, गुरुग्राम, हरियाणा-122001 |
| 732557000018 | प्रशांत कुमार | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-38 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ नं. 9, अर्बन एस्टेट, सेक्टर-38, गुड़गांव-122003, हरियाणा |
| 555757000007 | अनुराग अनुराग | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - बादशाहपुर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., खेवट नंबर 402/451 का भाग, मुस-95, किला नंबर 105 (2-10), बादशाहपुर, गुरुग्राम, हरियाणा-122001 |
| 085857000106 | चिराग भारद्वाज | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-14 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ 18 19, हुडा शॉपिंग सेंटर, सेक्टर 14, मार्केट कॉम्प्लेक्स, गुड़गांव, हरियाणा-122001 |
| 002157001750 | रबिन्द्र नाथ महापात्रा | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-17 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., हुडा मार्केट, सेक्टर-17, गुड़गांव-122001 |
| 346857000033 | मनीषा | |
| शाखा का नाम : हरसरू | | आईसीआईसीआई बैंक लि., किला नंबर 103/2, पटौदी रोड, हरसरू, गुरुग्राम, हरियाणा – 123505 |
| 480157000018 | अमनदीप पिलानिया | |
| शाखा का नाम : इसराना | | आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 68, अमर अनाज मंडी, गांव और उपतहसील इसराना, जिलाः पानीपत, हरियाणा 132107 |
| 211757000269 | तेजवीर तेजवीर | |
| शाखा का नाम : झज्जर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., जय दुर्गे बिल्डिंग, रोहतक रोड, राजोतिया अस्पताल के पास, झज्जर, हरियाणा-124103 |
| 140257000385 | संदीप सोलंकी | |
| शाखा का नाम : पंचकूला - सेक्टर-7 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ 71, सेक्टर 7, पंचकुला 134109 |
| 341457000021 | कल्पना नाथ | |
| 341405000628 | सुमित शर्मा | |
| 341405000623 | रूपा सूद | |
| शाखा का नाम : रोहतक | | आईसीआईसीआई बैंक लि., अशोक प्लाजा, दिल्ली रोहतक रोड, रोहतक, हरियाणा 124001 |
| 016857000257 | मोनिका सांगवान | |
| शाखा का नाम : सौंदा | | आईसीआईसीआई बैंक लि., गांव-सौंदा, उप जिला-अंबाला, जिला-अंबाला, हरियाणा, 134003 |
| 294405000260 | गुरप्रीत सिंह | |
| शाखा का नाम : सिरसा | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 16/753, होटल जय विलास के सामने, बीपीसीएल परमेश्वर सर्विस स्टेशन के साथ में, डबवाली रोड, सिरसा – 125055 |
| 073305003113 | मुंशीराम | |
| शाखा का नाम : सोनीपत-गोहाना रोड | | आईसीआईसीआई बैंक लि., गोहाना रोड, इंडियन कॉलोनी, सोनीपत, हरियाणा-131001 |
| 545357000034 | करिश्मा करिश्मा | |
| शाखा का नाम : मोतीहारी | | आईसीआईसीआई बैंक लि., हजर ज्योति कॉम्प्लेक्स, बैंक रोड, मोतीहारी, जिला-पूर्वी चंपारण, बिहार-845401 |
| 133462006908 | गौरव सिसोदिया | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-चांदनी चौक | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 1820, चांदनी चौक, निकट सीसगंज गुरुद्वारा, दिल्ली-110006 |
| 629257003916 | सुर्वेश | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-कनॉट प्लेस | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 9ए, फेल्प्स बिल्डिंग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली 110001 |
| 000705058089 | प्रमोद कुमार | |

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे – अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 27.06.2026
स्थान : गुरूग्राम, अम्बाला, भिवानी, हिसार, सिरसा, सोनीपत, फरीदाबाद, पंचकूला, रेवाड़ी, पानीपत, झज्जर, रोहतक

भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## खबर संक्षेप



### ट्रैक्टर एजेंसी का लाइसेंस रिन्यू कराने के नाम पर 2500 लेते काबू

**रतिया।** एंटी करप्शन ब्यूरो ने शुक्रवार को रतिया के ई-दिशा केंद्र में जूनियर प्रोग्रामर एवं केंद्र प्रभारी जोगिंदर कुमार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर ट्रैक्टर एजेंसी का लाइसेंस रिन्यू कराने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। रतिया स्थित संधू ट्रैक्टर एजेंसी के अकाउंटेंट जगदीश कुमार ने एसीबी को शिकायत दी थी कि एजेंसी का लाइसेंस नवीनीकरण करने के एवज में ई-दिशा केंद्र के जूनियर प्रोग्रामर एवं हेड जोगिंदर कुमार द्वारा 5 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। एसीबी के इंस्पेक्टर मनमोहन के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने जाल बिछाया। शिकायतकर्ता ने आरोपी को जैसे ही रिश्वत की राशि दी, टीम ने 2500 रुपये की रिश्वत लेते जोगिंदर को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

## कैथल पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़, मिली बड़ी सफलता

# बावरिया गैंग के 2 इनामी बदमाशों का एनकाउंटर, पैर में मारी गोली

- बदमाशों की एक गोली एचसी बूटा सिंह और एक गोली इंस्पेक्टर सुनील कुमार को लगी, बुलेट प्रूफ जैकेट से बची जान। चीका में लाखों रुपये की बड़ी चोरी में थी आरोपियों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने मुठभेड़ के बाद बावरिया गैंग के दो घोषित इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी पुलिस पर जानलेवा फायरिंग करने के साथ-साथ 9 जून को चीका के हुडा सेक्टर में हुई लाखों रुपये की चोरी की वारदात में भी शामिल पाए गए हैं।

डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि 9 जून को चीका में हुई चोरी की वारदात को सुलझाने के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार तथा एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की टीम को लगाया गया था। 25 जून को रात्रि के समय इंस्पेक्टर सुनील कुमार के नेतृत्व में एएसआई तरसेम सिंह, एचसी हरीश कुमार, एचसी देवेन्द्र कुमार, एचसी बूटा सिंह तथा अन्य पुलिस कर्मचारियों की टीम अपराधियों की तलाश एवं गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि 9 जून को चीका के हुडा सेक्टर में हुई बड़ी चोरी में शामिल दो शातिर अपराधी होंडा डब्ल्यूआरवी कार में पूंडरी क्षेत्र में घूम रहे हैं। पुलिस टीम ने तत्काल सिकंदर खेड़ी से बरसाना रोड पर नाकाबंदी कर संदिग्ध गाड़ी को रुकने का इशारा किया, लेकिन आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, जिसमें उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दोनों आरोपियों ने अवैध .32 बोर देशी पिस्तौल से पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। इसमें एक गोली एचसी बूटा सिंह तथा एक गोली इंस्पेक्टर सुनील कुमार की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी तथा उसके बाद दोनों आरोपियों को पुलिस ने काबू कर लिया। उनकी पहचान सोहन सिंह तथा धर्मबीर निवासी मौड़ मंडी, जिला बठिंडा (पंजाब) के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया।



**कैथल।** चोरी के घायल आरोपियों को अस्पताल लेकर आती पुलिस।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस बरामद

मौके से दो अवैध .32 बोर देशी पिस्तौल, कारतूस तथा प्रयुक्त होंडा कार बरामद की गई। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने 9 जून को कस्बा चीका के हुड्डा सेक्टर में हुई लाखों रुपये की चोरी की वारदात में अपनी संलिप्तता कबूल की। उक्त चोरी मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी पर 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

# महम विधायक से मांगी 5 करोड़ की चौथ, एक और आरोपी का एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम



बलराम दांगी।

> गैंगस्टर छोटा सामणिया की ओर से मैसेज कर जान से मारने की धमकी दी गई

महम से कांग्रेस पार्टी के विधायक बलराम दांगी से व्हाट्सएप मैसेज कर 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। मैसेज में गैंगस्टर छोटा सामणिया की ओर से जान से मारने की धमकी दी गई है।

बता दें कि इससे पहले 19 जून की रात को छोटा सामणिया के दो गुर्गों ने विधायक बलराम दांगी के महम कार्यालय पर फायरिंग की थी। वारदात के बाद अगले ही दिन सुबह खरकड़ा गांव के पास एक आरोपी लाखनमाजरा निवासी अमन को पुलिस ने एनकाउंटर कर उसके पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, अब शुक्रवार शाम को सात बजे इस फायरिंग मामले के दूसरे आरोपी खरैंटी निवासी अमन उर्फ बाज पुत्र अशोक के साथ भी पुलिस की मुठभेड़ हुई है। आरोपी ने महम के निंदाना में गुगाहेड़ी रोड पर खुद को घिरता देखकर पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसके बाद उसको गिरफ्तार किया गया। घायल को पीजीआई में भर्ती करवाया गया है। अब पुलिस छोटा सामणिया द्वारा पांच करोड़ रुपये रंगदारी मांगने के मामले की भी जांच कर रही है।

# सुरक्षा के लिए गढ़ी रंगदारी की कहानी

- पूर्व आईबी अधिकारी ने पहलवान दोस्त के कहने पर ही एक गैंग के गुर्गे से मंगवाई थी 5 करोड़ चौथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

प्रॉपर्टी डीलर सज्जन पहलवान से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। फरीदाबाद में गिरफ्तार आईबी के पूर्व अधिकारी ने सज्जन पहलवान को एक गैंग के गुर्गे से धमकी पहलवान के कहने पर ही दिलवाई थी ताकि उसे पुलिस सुरक्षा मिल सके। सीआईए धारूहेड़ा ने आईबी के पूर्व अधिकारी को प्रोडक्शन वारंट पर लेने के बाद कोर्ट से चार दिन के रिमांड पर लिया था। अब पुलिस सज्जन पहलवान की तलाश कर रही है।

15 जून को बीएमजी सिटी निवासी सज्जन सिंह ने पुलिस शिकायत में बताया था कि वह पिछले करीब 8 वर्षों से पोसवाल चौक के पास अपना ऑफिस करके प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहा है। 2 जून को उसके पास एक फोन आया और कॉल करने वाले ने खुद को एक अपराधिक गैंग का गुर्गा बताते हुए 5 करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग की। 3 जून को आरोपी ने दोबारा एक व्हाट्सएप ऑडियो मैसेज भेजकर धमकी दोहराई। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जांच सीआईए धारूहेड़ा प्रभारी योगेश हुड्डा को सौंपी थी। जांच के दौरान सीआईए ने दिल्ली में तैनात आईबी के पूर्व अधिकारी फरीदाबाद के मोठूका नंगला निवासी सिकंदर को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान उसने बताया कि सज्जन पहलवान की उससे पहले से दोस्ती रही थी। उसे पुलिस सुरक्षा दिलाने के लिए उसने अपने साथी संदीप राणा के साथ मिलकर एक गैंग के गुर्गे से धमकी दिलवाई थी। धमकी के बाद पुलिस सुरक्षा के लिए ही सज्जन पहलवान ने केस दर्ज कराया था। इसके बाद ही सज्जन गायब हो गया। उसके विदेश जाने की चर्चा है। वहीं, एक दूसरे प्रॉपर्टी डीलर से भी रंगदारी मांगी गई थी, जिसे पुलिस सुरक्षा मुहैया करवाई गई।



**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## पंजाब से गुजरात ले जाए जा रहे शराब से भरे ट्रक समेत तस्कर गिरफ्तार

**फतेहाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** सीआईए टोहाना की टीम ने शुक्रवार को नेशनल हाईवे पर भूना पुल के पास नाकाबंदी कर अवैध शराब से भरा एक ट्रक दबोच लिया। ट्रक से कुल 621 पेटियां अवैध शराब बरामद की गई हैं। सीआईए टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि नाकेबंदी के दौरान जब ट्रक की तलाशी ली गई तो ट्रक के अंदर भारी मात्रा में अवैध शराब की पेटियां छुपाई गई थीं। पुलिस ने मौके से सिरसा जिले के गांव चाहरवाला निवासी नरेश पुत्र दलीप को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही ट्रक को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि यह शराब पंजाब से लोड की गई थी और इसे भारी मुनाफे के लिए गुजरात ले जाया जा रहा था।



## हनी ट्रैप गिरोह का पर्दाफाश, तीन महिलाओं सहित चार आरोपी पकड़े

- रेप केस की धमकी देकर 20 लाख मांगे, 25 हजार लेते किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर थाना पुलिस ने हनीट्रैप का भंडाफोड़ करते हुए 3 महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक व्यक्ति को दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 20 लाख मांग रहे थे। पुलिस ने कोर्ट परिसर के पास से 25 हजार रुपये की पहली किस्त लेते इन्हें काबू कर लिया।

उत्तरप्रदेश के शामली और हाल मोहन नगर निवासी ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से सोनीपत में रहकर ट्रैक्टर चलाने का कार्य करता है। 15 जून को उन्हें एक युवती का मोबाइल नंबर मिला था। बातचीत के बाद वह युवती सहमति से उनके कमरे पर आई और जाते समय पैसे भी लेकर गई। इसके बाद उस युवती और उसकी एक साथी ने उन्हें ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। बाद में एक तीसरी महिला ने खुद को दोनों का परिचित बताकर समझौता कराने का नाटक किया। पीड़ित के पास आरोपितों की बातचीत की रिकॉर्डिंग भी मौजूद थी। इस गिरोह में कालपुर निवासी दिनेश भी शामिल है।




## स्टेशन पर कोल्ड ड्रिंक व पानी के रेट ज्यादा लेने पर दो वेंडरों पर ठोका जुर्माना

**अंबाला (हरिभूमि न्यूज)।** अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से निर्धारित दर से अधिक वसूली करने वाले वेंडरों पर रेलवे की ओर से जुर्माना ठोका गया है। रेल मदद पोर्टल पर यात्रियों द्वारा की गई शिकायतों का संज्ञान लेते हुए रेलवे ने दो वेंडरों पर 5-5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। विभाग की इस कार्रवाई से स्टेशन परिसर में मनमानी करने वाले खानपान संचालकों में हड़कंप मच गया है। अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 6/7 पर स्थित स्टॉल संख्या 68 के संचालक मैसर्स एसएस छतवाल एंड कंपनी और स्टॉल संख्या 12 के संचालक मैसर्स श्री श्याम जी फूड सर्विसेज के खिलाफ यात्रियों ने ओवरचार्जिंग की शिकायत की थी। यात्रियों का आरोप था कि वेंडर कोल्ड ड्रिंक्स और रेल नीर की बोतल के लिए निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे वसूल रहे थे। जांच के बाद डीआरएम कार्यालय ने दोनों वेंडरों को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर 5-5 हजार रुपये का जुर्माना जमा करने का निर्देश दिया है।

## शादी से बचने को युवती ने नहर में लगाई छलांग

**फरीदाबाद।** पल्ला क्षेत्र में सोमवार देर रात 18 वर्षीय युवती संध्या ने नहर में छलांग लगा दी। युवती 12वीं क्लास पास करने के बाद करीब डेढ़ साल से घर पर ही रह रही थी। घर पर रहकर वह कपड़े कढ़ाई का काम कर रही थी। पिता के मुताबिक संध्या का कुछ समय पहले रिश्ता तय किया था, लेकिन वह मना कर रही थी। शायद इसी दबाव में उसने यह कदम उठाया।






## रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने जारी रिपोर्ट में कहा

# युद्धविराम कायम रहने से भारतीय कंपनियों पर पश्चिम एशिया संघर्ष का असर होगा आधा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

**होर्मुज दोबारा खुलने से कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई**

अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम कायम रहने और ऊर्जा आपूर्ति सामान्य बनी रहने से पश्चिम एशिया संघर्ष का भारतीय कंपनियों के लाभ पर पड़ने वाला असर शुरुआती आशंका की तुलना में लगभग आधा रह जाएगा। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने यह जानकारी दी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि यह संघर्ष वित्त वर्ष 2026-27 में भारतीय कंपनियों के परिचालन मुनाफे में लगभग एक प्रतिशत की कमी लाएगा। पहले लंबे समय तक संघर्ष जारी रहने और होर्मुज जलडमरूमध्य से आवाजाही बाधित होने की स्थिति में दो प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया गया था।

**वित्त वर्ष 2026-27 में कंपनियों के मुनाफे में एक फीसदी की कमी आएगी**

### भू-राजनीतिक जोखिम अब भी बने हुए

'संशोधित अनुमान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका-ईरान के बीच हुए नाजुक समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य दोबारा खुलने से कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई है। हालांकि, क्रिसिल ने आगाह किया कि भू-राजनीतिक जोखिम अब भी बने हुए हैं और गैस आपूर्ति को पूरी तरह सामान्य होने में अधिक समय लग सकता है।




### पहले छमाही की भरपाई दूसरी छमाही में

क्रिसिल रेटिंग्स के प्रबंध निदेशक सुबोध राय ने कहा, '' यदि युद्धविराम कायम रहता है, तो हमारे आकलन वाले 34 क्षेत्रों में से दो-तिहाई का न्यूनतम असर पड़ेगा। पहली छमाही के दबाव की भरपाई दूसरी छमाही में मुनाफे में सुधार से काफी हद तक हो जाएगी। हालांकि, संघर्ष बढ़ने का जोखिम बना हुआ है। इसलिए हमारा मानना है कि भारतीय कंपनियां सतर्क रहेंगी और आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने पर ध्यान देती रहेंगी।''

### क्रिसिल ने 34 क्षेत्रों का किया आकलन

क्रिसिल के 34 क्षेत्रों पर आधारित इस आकलन में यह पाया गया कि चालू वित्त वर्ष में ब्रेंट कच्चे तेल का औसत भाव 80-85 डॉलर प्रति बैरल रहेगा और गैस आपूर्ति में व्यवधान करीब चार महीने तक बना रहेगा। संशोधित परिदृश्य में अब केवल 10 क्षेत्रों की लाभप्रदता में उल्लेखनीय गिरावट आने की आशंका है, जबकि एजेंसी के पहले के तनावपूर्ण परिदृश्य में 22 क्षेत्रों पर असर का अनुमान था।

### गैस की उपलब्धता में धीरे-धीरे सुधार

एजेंसी ने कहा कि कच्चे तेल की कम कीमतें और गैस की उपलब्धता में धीरे-धीरे सुधार से अधिकतर उद्योगों को राहत मिलेगी। वहीं, सरकार का बुनियादी ढांचा खर्च और घरेलू मांग में स्थिरता राजस्व वृद्धि को समर्थन देते रहेंगे। तेल विपणन कंपनियां और उर्वरक विनिर्माता ऊर्जा कीमतों में नरमी के सबसे बड़े लाभार्थियों में शामिल हो सकते हैं।

### 45,000 करोड़ की शुद्ध कम वसूली

क्रिसिल का अनुमान है कि मार्च और मई के बीच सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं को 40,000-45,000 करोड़ रुपये की शुद्ध कम वसूली का सामना करना पड़ा। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के साथ चालू वित्त वर्ष में उनके फिर से परिचालन लाभ में लौटने की उम्मीद है। बेहतर परिदृश्य के बावजूद, क्रिसिल ने दो प्रमुख जोखिमों की ओर इशारा किया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 672.58 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 जून को समाप्त सप्ताह में 96.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 672.58 अरब डॉलर पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 9.98 अरब डॉलर घटकर 671.62 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 3.07 अरब डॉलर घटकर 541.217 अरब डॉलर रह गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है।

**एनटीपीसी ने मॉरीशस में किया कंपनी का गठन (नई दिल्ली):** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने मॉरीशस में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी 'एनटीपीसी एनर्जी लिमिटेड' का गठन किया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनटीपीसी एनर्जी लिमिटेड प्रस्तावित फ्लोटिंग सौर फोटोवोल्टिक परियोजना को बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के साथ विकसित करेगी।


**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर**
**INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY KHARAGPUR**

विज्ञापन सं.: R/06/2026 दिनांक जून 16, 2026

संस्थान विनोद गुप्ता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में प्रोफेसर और डीन के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

1. प्रोफेसर और संकायाध्यक्ष – 01 (पद)

विस्तृत विवरण एवं अद्यतन जानकारी के लिए देखें : https://erp.iitkgp.ac.in/Jobs/auth/facapps.htm

ऑनलाइन एप्लीकेशन जमा करने की आखिरी तारीख : 16.07.2026

कुलसचिव/ Registrar

CBC-21255/11/0005/2627



**BR COLLEGE OF EDUCATION (SELF-FINANCED)**
VPO SEHLANG, MAHENDERGARH (HR) – 123027
(Affiliated to IGU Meerpur, Rewari & Recognized by NCTE - Delhi)

**Application Invited for Teaching & Non-Teaching Staff (B.Ed.)**

**Teaching Posts:** Principal – 01, Assistant Professors: Perspectives in Education – 04,Pedagogy of Mathematics – 01, Pedagogy of Physical Science – 01,Pedagogy of Social Science – 01, Pedagogy of Economics – 01, Pedagogy of Commerce – 01, Pedagogy of Hindi – 01, Pedagogy of English – 01, Pedagogy of Biological Science – 01, Pedagogy of Sanskrit – 01, Health & Physical Education – 01, Fine Arts – 01

**Non-Teaching Posts:** Librarian – 01, Office Manager / Head Clerk – 01, Office Assistant-cum-Computer Operator / Data Entry Operator – 01, Office-cum-Account Assistant / Clerk – 01, Store Keeper – 01, Technical Assistant – 01, Lab Assistant – 01, Lab Attendant – 01, Helper / Support Staff – 01.

Qualification and Pay Scale: As per State Govt. / NCTE / IGU / University Norms.

**Instructions:** Interested candidates may send their applications along with passport-size photos and copies of all testimonials to the President of college within 21 days of this advt. Candidate must send one copy of same to the Dean of colleges IGU, Meerpur, Rewari,along with application processing fees of Rs 1000/-(Only for teaching staff) through Cash Receipt / D.D. in favor of Registrar, IGU, Meerpur, Rewari.

**E-mail:brcoeducation@gmail.com, Mobile: 9416344514, 9991647879**

Advt. No. -1/2026, Date of Publication: 27th June 2026 **President**



**कब्जा सूचना-(अचल सम्पति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। ''कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित ''आईआईएफएल एचएफएल'' को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।''


| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री मैनपाल सिंह श्रीमती मंजू देवी मैनपाल मिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10483533) | राजा पाना हालुवास भिवानी, हरियाणा, हालुवास, बाबा बालक मंदिर, भिवानी, हरियाणा-127021 में सम्पत्ति 1234 के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1260.00, 1106.00 | रु. 577831/- रुपये पांच लाख सतहत्तर हजार आठ सौ इकत्तीस केवल | 09-01-2026 | 24-06-2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल -132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 27.06.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.


## शास्त्रा यूनिवर्सिटी का ओसाका यूनिवर्सिटी के साथ समझौता

**तंजावुर।** तंजावुर स्थित शास्त्रा यूनिवर्सिटी ने ओसाका स्थित ओसाका मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी के साथ दोनों यूनिवर्सिटी के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते साइन किया। इस समझौते के दायरे में स्टूडेंट और फैकल्टी एक्सचेंज के साथ-साथ कई पहलों के जरिए भारत-जापान संबंधों को बढ़ावा देना भी शामिल है। इस समझौते पर शास्त्रा के उप-कुलपति एस. वैद्यसुब्रमण्यम और ओएमयू के प्रेसिडेंट प्रो. हिरोयुकी साकुरागी ने साइन किए। वैद्यसुब्रमण्यम ने कहा, ''यह एमओयू भारत-जापान संबंधों को मज़बूत करने की दिशा में एक अहम कदम है और यह सही समय पर हुआ है, क्योंकि अगले हफ़्ते द्विपक्षीय बातचीत के लिए प्रधानमंत्री सनाए तकाइची भारत आ रही हैं।'' ओएमयू के प्रेसिडेंट ने भी भारत और खासकर शास्त्रा के साथ मिलकर काम करने के लिए अपनी गहरी प्रतिबद्धता ज़ाहिर की। इस एमओयू के साथ, शास्त्रा अब पाँच अन्य जापानी यूनिवर्सिटी - यूनिवर्सिटी ऑफ़ टोक्यो, हिरोशिमा यूनिवर्सिटी, टोक्यो सिटी



यूनिवर्सिटी, शिमाने यूनिवर्सिटी और त्सुकुबा यूनिवर्सिटी - के साथ जुड़ गई है और इंजीनियरिंग, साइंस, फिलॉसफी वगैरह जैसे कई विषयों में इन सभी छह यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एप्पल ने मैकबुक और आईपैड की कीमतें 20-42% तक बढ़ाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने मेमोरी चिप की बढ़ती लागत के कारण भारत सहित वैश्विक स्तर पर मैकबुक और आईपैड के सभी मॉडल की कीमतों में 20 से 42 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। एप्पल इंडिया की वेबसाइट पर जारी नई मूल्य सूची के अनुसार, कंपनी ने एम5 सीरीज चिप वाले मैकबुक प्रो की कीमत में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। एम5 प्रो चिप वाले 14 इंच के मैकबुक प्रो की कीमत 2,49,900 रुपये से बढ़ाकर 2,99,900 रुपये प्रति इकाई कर दी गई है।

### आईपैड एयर का बेसिक मॉडल बढ़कर 1,19,900 रुपये

वहीं 13 इंच के आईपैड एयर के बेसिक मॉडल की कीमत में भी भारी बढ़ोतरी की गई है। इसकी कीमत 84,900 रुपये से 41.22 प्रतिशत बढ़ाकर 1,19,900 रुपये प्रति इकाई कर दी गई है। मेमोरी से लेकर प्रोसेसर तक चिप की कीमतें प्रभावित : इस पर मेमोरी से लेकर प्रोसेसर तक सेमीकंडक्टर चिप की बढ़ती कीमतों का प्रभाव पड़ा है। एप्पल ने बयान में कहा कि उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहा है।

## मुहर्रम के कारण भारतीय शेयर बाजार रहा बंद




**मुंबई।** भारतीय शेयर, मुद्रा और जिंस बाजार मुहर्रम के कारण शुक्रवार को बंद रहा। बंद के कारण व्यापारिक गतिविधियां देखने नहीं मिली। शनिवार और रविवार को शेयर बाजार बंद रहेगा। रोज की तरह शेयर बाजार में सोमवार को कामकाज होगा।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | सेक्टर-28, डीआईवी-V, एमसीएफ में चारदिवारी के पुनर्निर्माण, ग्रिलिंग, ग्रासिंग, और सजावटी वृक्षारोपण समेत मकान नं. 1880 के सामने पार्क का अपग्रेडेशन और सौन्दर्यीकरण + 4 कार्य। | 24.06.2026 01.07.2026 | 50,73,445/- | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 xenmcf5@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46594/I/88/6 दि. 26.06.26



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर ऑटोअकॉस्टिक एमिशन (ओएई) एनालाइजर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 26.06.2026 02.07.2026 | 88,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46613/I/88/6 दि. 26.06.26



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में सुनारियां गांव के निकट जेल रोड पर इंसीनरेटर इलैक्ट्रिक कनेक्शन के लिए विद्युत कार्य को पूरा करना। | 24.06.2026 01.07.2026 | 13.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | सेक्टर-2, रोहतक में सामुदायिक केन्द्र में कार्यालय और शौचालय का निर्माण। | 24.06.2026 01.07.2026 | 34.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/46593/I/88/6 दि. 26.06.26


## रियल एस्टेट में निजी इक्विटी निवेश में 23 प्रतिशत गिरावट

नई दिल्ली। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश के रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी (पीई) निवेश जनवरी-जून अवधि के दौरान 23 प्रतिशत घटकर 1.13 अरब डॉलर रह गया। नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। पिछले वर्ष की समान अवधि में निजी इक्विटी (पीई) निवेश 1.47 अरब डॉलर था। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, इस वर्ष की पहली छमाही में कुल पीई निवेश में कार्यालय परिसंपत्तियों की हिस्सेदारी 89 प्रतिशत रही जबकि शेष निवेश आवासीय क्षेत्र में हुआ।


**भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग**
**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)**
**इसरो दूरमिति अनुवर्तन व आदेश संचार जाल बेंगलूरु**

विज्ञा.स. इस्ट्रैक:02:2026 दिनांक 27.06.2026

इसरो दूरमिति अनुवर्तन व आदेश जाल, बेंगलूरु निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करते हैं, यह पद अस्थायी हैं, परंतु अनिश्चित अवधि तक रहने की संभावना है।

| क्र.सं. | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | तकनीशयन-बी (इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक) | 08 |
| 2. | तकनीशयन-बी (कार्पेंटर) | 01 |
| 3. | ड्राफ्ट्समैन-बी (सिविल) | 01 |
| 4. | ड्राफ्ट्समैन-बी (मेकेनिकल) | 01 |
| 5. | तकनीकी सहायक (इलेक्ट्रॉनिक्स) | 06 |
| 6. | तकनीकी सहायक (मेकेनिकल) | 01 |
| 7. | वैज्ञानिक सहायक (कम्पयूटर विज्ञान) | 04 |
| 8. | वैज्ञानिक सहायक (गणित) | 01 |
| 9. | ग्रंथालय सहायक - ए | 01 |
| 10. | कुक-ए | 02 |

विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कृपया www.isro.gov.in/www.istrac.gov.in देखें

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण की प्रारंभिक तिथि- | 27.06.2026 (10:00 AM) |
| ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि - | 20.07.2026 (11:55 PM) |

CBC 49124/11/0002/2627



**हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NITNO.23/CWD-2/VOL-XX/HVPN/2026-27DATED 13.06.2026 (ONLINE TENDER ID NO.2026_HBC_529005_1) | ''बोली खुलने की तिथि 25.06.2026 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 02.07.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)।'' | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | E.NIT NO.06/XEN TS DIV HVPNL HISAR/2026-27 DATED 08.06.2026 TENDER REF. NO. /E-TENDER ID: 2026_HBC_527494_12026C88931CCB51A48D18102 DC67830699A7967HVP | ''बोली खुलने की तिथि 08.06.2026 15:00 बजे से ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 13.07.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है।'' | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | NITNO.19/CWD-2/VOL-XX/HVPN/2026-27DATED 29.05.2026 (ONLINE TENDER ID NO.2026_HBC_525282_1) | ''बोली खुलने की तिथि 26.06.2026 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 02.07.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)।'' | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | E.NIT NO.05/XEN TS DIV HVPNL HISAR/2026-27 DATED 08.06.2026 TENDER REF. NO. /E-TENDER ID:2026_HBC_527478_1 2026B382D8F9989146DB877F933A09 D68CE6967HVP | ''बोली खुलने की तिथि 08.06.2026 15:00 बजे से ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 13.07.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है।'' | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 5 | एचवीपीएनएल | 20/XEN/TS/SRS/2025-26DATED17.12.2025,ONLINE TENDER ID :2025B59F8A60 2606 4E29 935B 665AD 8069DCC968HVP/2025_HBC_490998_1 | ''बोली खुलने की तिथि 17.12.2025 (15:00 बजे) थी और ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 10.08.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है।'' | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 6 | एचवीपीएनएल | 19/XEN/TS/SRS/2025-26DATED17.12.2025,ONLINE TENDER ID :2025B93E3DFA 0191 4917 9058 793D6 E43DFA2968HVP/2025_HBC_490990_1 | ''बोली खुलने की तिथि 17.12.2025 (15:00 बजे) थी और ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 10.08.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है।'' | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 7 | एचवीपीएनएल | 20263E4F8466 9E95 4CB8 A4CE C7AC4C34A8C6 1056HVP/ TENDER ID:2026_HBC_523421_1/ E-TENDER ENQUIRY NO.0521202614-22-42/HVPNL DEPTT/HRYDATED21.05.2026 | ''शुद्धिपत्र (पुनर्निविदा) सं. 02, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 10.07.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है।'' | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/140/46603/I/88/6 दि. 26.06.26


## राशिफल

**मेष** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहें हैं।

**वृष** – कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन** – कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**कर्क** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में सुधार होगा। भाग-दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**सिंह** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।

**कन्या** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। खर्च की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

**तुला** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**वृश्चिक** – कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।


**धनु** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।

**मकर** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन** – परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


## शब्द पहेली - 6269



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

### शब्द पहेली -6268 का हल





## खबर संक्षेप

### बेंगलुरु तिहरा हत्याकांड में दूसरा आरोपी पकड़ा

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के एक अपार्टमेंट में अपने माता-पिता और छोटी बहन की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में 25 साल की एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की गिरफ्तारी के कुछ दिनों बाद शुक्रवार को उसके सहजीवन साथी (लिव-इन पार्टनर) और सह-आरोपी को भी इन हत्याओं के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया गया। केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी से श्वेता की गिरफ्तारी के कुछ ही दिनों बाद केनेथ को भी पुडुचेरी से ही हिरासत में ले लिया गया।

### ट्रक दुर्घटना में घायल को 1.06 करोड़ का मुआवजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने वर्ष 2021 में एक ट्रक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद आजीविका कमाने में अक्षम हो चुके दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के एक पूर्व कर्मचारी को 1.06 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया है। बिशन दत्त शर्मा द्वारा दायर दावा याचिका पर पीठासीन अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सुनवाई कर रहे थे। दुर्घटना के समय बिशन दत्त शर्मा 57 वर्ष के थे।

## उत्तरप्रदेश और झारखंड में भीषण सड़क हादसे

# कौशांबी में एलपीजी का टैंकर टोल से टकराया, धमाका, ड्राइवर जिंदा जला

एजेंसी ▶▶ कौशांबी(उप्र)

उत्तर प्रदेश के कौशांबी में भीषण सड़क हादसा हो गया। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे एक एलपीजी टैंकर बेकाबू होकर टोल प्लाजा से टकराते ही तेज धमाके के साथ टैंकर में भयंकर आग लग गई। इस हादसे में टैंकर का ड्राइवर जिंदा गया। उसका शव का सिर्फ कंकाल का कुछ हिस्सा ही बरामद हुआ। वहीं, पांच टोल कर्मचारी भी झुलस गए।

सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक टैंकर पूरी तरह जल चुका था। टोल प्लाजा के यार्ड में खड़ी 16 बाइकें और दो कारें भी आग की चपेट में आकर जल गईं। आग बुझने के बाद जब टीम टैंकर के अंदर पहुंची तो चालक की हड्डियां मिलीं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। टैंकर कानपुर से प्रतापगढ़ की ओर जा रहा था। घटना ओवरटेक के चक्कर में हुई। टैंकर की स्पीड लगभग 60-70 किमी के आसपास थी।

पांच टोल कर्मचारी भी झुलसे कई की हालत गंभीर




### 2 किलोमीटर दूर से धुएं का गुबार, आग की लपटें दिखीं

आग की ऊंची लपटों को देखकर टोल प्लाजा के दोनों ओर बसों और कारों की लंबी कतारें लग गईं। करीब 2 किलोमीटर दूर से धुएं का गुबार और आग की लपटें दिखाई दे रही थीं। यह हादसा जिला मुख्यालय से करीब 16 किलोमीटर दूर कोखराज थाना क्षेत्र के सिहोरी टोल प्लाजा पर हुआ। इस दौरान टैंकर डिवाइडिंग लेन से टकराकर पलट गया। इस दौरान टैंकर ड्राइवर और कंडक्टर कूदकर मौके से फरार हो गए। टोल कर्मियों से मिली शुरुआती जानकारी के मुताबिक, टक्कर के बाद टैंकर से गैस का रिसाव होने लगा। इस वजह से पहले तेज धमाका हुआ, फिर आग लग गई।

रामगढ़ की घटना

### ट्रक-पिकअप की टक्कर, 8 की मौत

**रामगढ़ (झारखंड)।** झारखंड के रामगढ़ जिले में गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। हादसा रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग (एनएच-23) पर हुआ। कोयला लदे एक ट्रक ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में पिकअप के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार सभी लोग बैंड-ताशा पार्टी से जुड़े थे, उनके सामान बैंड-बाजे सड़क पर बिखर गए। ट्रक को मौके पर छोड़ ड्राइवर भाग निकला। सात लोगों की मौत हुई। वहीं, गंभीर रूप से घायल एक को रांची रेफर किया गया, जिसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



गाड़ी में फंसी थी लाशें सड़क पर बिखरे बैंड-बाजे

#### पिकअप में 8 लोग सवार थे

मृतक सभी लोग बैंड-ताशा पार्टी से जुड़े हैं। पिकअप में 8 लोग सवार थे, जो रामगढ़ से मारगामरचा आए थे। यहां से उन्हें फिर बलसगरा जाना था और अपने कुछ अन्य साथियों को लेकर बिहार में कार्यक्रम शामिल होना था। इसी दौरान, सामने से आ रहे तेज रफ्तार कोयला लदे ट्रक ने ओवरटेक करने के प्रयास में सवारी वाहन को अपनी चपेट में ले लिया।

आप पार्टी संयोजक ने अयोध्या का दौरा किया

# राम मन्दिर चढ़ावे में चोरी को लेकर योगी और केजरी आमने-सामने

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के बीच हालिया टकराव अयोध्या में राम मंदिर के चढ़ावे से जुड़े कथित भ्रष्टाचार और दिल्ली की स्थिति को लेकर हुआ है। अरविंद केजरीवाल द्वारा अयोध्या के राम मंदिर का दौरा करने और चढ़ावे में चोरी के मामले को लेकर चिंता जताने के बाद अब राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। उधर, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को भ्रष्टाचार के सिवाय कुछ नहीं दिया।दिल्ली और अयोध्या के विकास की तुलनाः योगी ने दावा किया कि अगर आप ने दिल्ली के साथ न्याय किया होता, तो दिल्ली भी अयोध्या धाम की तरह चमकती।



### उप्र के सीएम ने विपक्षी दलों को फिर चेताया

उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों को चेताया है कि वे बिना तथ्यों के आधार पर राजनीति न करें और इस मामले की निष्पक्ष जांच (एसआईटी) चल रही है। भगवान राम के नाम पर राजनीति करना ठीक नहीं है।



राम मंदिर के चढ़ावे में हुई चोरी को लेकर सरकार सख्त है। इस मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### शिवसेना में बगावत के बीच आदित्य ठाकरे की सॉफ्ट लॉन्चिंग की तैयारी

**मुंबई (भाषा)।** शिवसेना (उबाठा) के सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी टूट के बावजूद मजबूत बनी हुई है और आदित्य ठाकरे में पार्टी का नेतृत्व करने की काबिलियत है। हाल ही में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हुए पार्टी के छह सांसदों के लोकसभा क्षेत्रों में शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे के प्रस्तावित दौरे से पहले 'पीटीआई वीडियो' से बातचीत में राउत ने आरोप लगाया कि इन नेताओं ने केवल पैसे, सत्ता और संरक्षण के लालच में अपनी निष्ठा बदली है। शिवसेना (उबाठा) के विधायक आदित्य ठाकरे की पार्टी में भूमिका के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा, "अगली पीढ़ी को धीरे-धीरे ज़्यादा जिम्मेदारी लेनी चाहिए। हम कितने सालों तक काम करते रहेंगे? हम 40 सालों से काम कर रहे हैं। युवा नेताओं को पार्टी की कमान संभालनी चाहिए और वह ऐसा कर भी रहे हैं।

■ टूट के बावजूद मजबूत बनी हुई आदित्य में नेतृत्व करने की काबिलियत है: संजय राउत

### योगी पर टिप्पणी करने वाला दिल्ली से गिरफ्तार

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोपी को बदायूं की पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मामला जिले के उघैती थाना क्षेत्र के करनपुर गांव से जुड़ा है। सोशल मीडिया पर वीडियो में आरोपी प्रभु दयाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश सरकार के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणियां करता दिखाई दे रहा था।

### पंजाब में रैश ड्राइविंग, ड्रिंक एंड ड्राइव और अंडरएज ड्राइविंग में कोर्ट में पेशी जरूरी

**लुधियाना।** पंजाब में सड़क पर रैश ड्राइविंग, ड्रिंक एंड ड्राइव और अंडरएज ड्राइविंग पर सरकार ने सख्ती करनी शुरू कर दी। पंजाब सरकार ने ट्रैफिक नियम तोड़ने के इन तीन मामलों को नॉन कंपाउंडेबल कैटेगरी में शामिल कर दिया है। इन कैटेगरी में अगर अब आपका चालान होता है तो उसका भुगतान न तो आप मौके पर कर सकेंगे और न ही आरटीओ दफ्तर में जाकर चालान का भुगतान होगा। इन मामलों में फंसे लोगों को कोर्ट के चक्कर काटने होंगे और मजिस्ट्रेट के सामने ही चालान का फैसला होगा। खास बात यह है कि कोर्ट में चालान की सुनवाई के दौरान अगर मामला ज्यादा गंभीर हुआ तो कोर्ट ड्राइवर को एक्ट के अनुसार कानूनी सजा भी सुना सकता है।

■ मौके पर नहीं भरा जा सकेगा चालान अब जेल भी संभव

### राजपुरा में प्रोपर्टी डीलर कार्यालय पर गोलीबारी

**राजपुरा (पंजाब) (भाषा)।** पंजाब में पटियाला जिले के राजपुरा कस्बे में शुक्रवार को दो नकाबपोश बदमाशों ने कथित तौर पर एक प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर गोलीबारी की। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना राजपुरा-पटियाला मार्ग पर अंडरब्रिज के पास स्थित लक्ष्मी प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय में हुई। पुलिस के अनुसार, हमलावर एक स्कूटर पर आए और मौके से फरार होने से पहले करीब आठ गोलियां चलाईं। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आरोपियों में से एक कार्यालय के भीतर गया और वहां मौजूद लोगों से मालिक रमेश पाहूजा के बारे में पूछा। जब कार्यालय में मौजूद एक महिला कर्मचारी ने बताया कि पाहूजा वहां मौजूद नहीं हैं तो आरोपी ने कथित तौर पर रिवॉल्वर निकालकर गोलीबारी शुरू कर दी और बाद में अपने साथी के साथ फरार हो गया।

■ दो नकाबपोशों ने घटना को अंजाम दिया

## पुणे हत्याकांड में पुलिस का खुलासा

# हकलाने-हेयरविग की वजह से सिया को केतन पसंद नहीं था

एजेंसी ▶▶ पुणे

पुणे में केतन अग्रवाल मर्डर केस में नया खुलासा हुआ है। केतन के हेयर विग लगाने को हत्या के पीछे की वजह बताने पर पिता विशाल अग्रवाल ने कहा कि सिया और उसके परिवार को पता था कि केतन सिर पर विग का एक पैच लगाता था। उसे पसंद नहीं था तो वह मना कर सकती थी लेकिन क्या यह किसी को मारने की वजह हो सकती है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सिया इस शादी से खुश नहीं थी।

केतन के सिर पर विग होने और बात करते समय हकलाने की वजह से सिया के मन में उसके प्रति नफरत बैठ चुकी थी। वहीं पुलिस पूछताछ में सिया ने बताया कि उसने केतन से कहा था कि वह उससे शादी करना नहीं चाहती, लेकिन वह सगाई तोड़ने को तैयार नहीं था। केतन का कहना था कि अब बहुत देर हो चुकी है।



■ सिया बोली-शादी के लिए मना किया, लेकिन केतन माना नहीं

### निकम करेंगे पैरवी, फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा केस

सीएम फडणवीस ने केतन के पिता की इस मांग को भी स्वीकार कर लिया है कि मामले की सुनवाई त्वरित अदालत में कराई जाए। फडणवीस ने अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता उज्ज्वल निकम को नियुक्त करने की मंजूरी भी दे दी है।

## राजस्थान के सिरोह की घटना

# मृत्युभोज में घी के मालपुए नहीं बनवाने पर हुक्का-पानी बंद

एजेंसी ▶▶ सिरोह

राजस्थान के सिरोह में अजीबोगरीब मामला सामने आया। यहां आर्थिक तंगी में परिवार ने मृत्युभोज में 'घी के मालपुए' नहीं बनवाए। सादा खाना खिलाया। इससे समाज के लोगों परिवाक हुक्का-पानी बंद करने का फरमान सुना दिया। परिवार का समर्थन करने वाले 42 अन्य परिवारों पर तुगलकी फरमान लागू किया गया। अब परिवारों को न दुकानदार राशन दे रहा है, न ही कुएं से पानी नहीं भरने दिया जा रहा है। पंचों की बंदिशें यहीं नहीं रुकीं। पीड़ित परिवारों के घरों में मेहमानों के आने और उनके किसी रिश्तेदारी में जाने पर भी पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

### पीड़ित परिवार ने की जिला कलेक्टर से शिकायत

पंचों के फरमान की अनदेखी करने पर 11 हजार और पूरे समाज को सामूहिक भोजन (जीमण) का दंड भुगतना होगा। यह पूरा मामला राजस्थान के सिरोही के बरलूट थाना इलाके के मंडवारिया गांव का है। पीड़ित परिवारों ने अब जिला कलेक्टर से शिकायत की है। पीड़ति परिवारों ने बताया कि गांव में 5 जून को सदाराम पुत्र बलवाजी का निधन हो गया था। 17 जून को हुए मृत्युभोज में परिवार की माली हालत ठीक न होने के कारण घी के मालपुआ नहीं बनाए जा सके। इस बात से समाज के एक दर्जन से अधिक पंच इस कदर नाराज हुए कि उन्होंने अगले ही दिन 18 जून को फरमान सुनाकर इस परिवार सहित कुल 43 समर्थक परिवारों को समाज से बाहर कर दिया।



## चिंतन

# धार्मिक संस्थाओं में पारदर्शिता जरूरी

देश में मंदिर केवल पूजा-अर्चना के केंद्र नहीं हैं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, विश्वास और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। श्रद्धालु बिना किसी अपेक्षा के मंदिरों में दान और चढ़ावा अर्पित करते हैं। उनका विश्वास होता है कि उनकी मेहनत की कमाई धर्म, सेवा और जनकल्याण के कार्यों में उपयोग होगी। ऐसे में यदि चढ़ावे में चोरी, गड़बड़ी या वित्तीय अनियमितता के आरोप सामने आते हैं तो यह केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर गहरा आघात है। हाल ही में अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे में कथित चोरी का मामला सामने आने के बाद पूरे देश में चिंता का माहौल बना है। इससे पहले तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रसाद के लिए उपयोग किए जाने वाले घी की गुणवत्ता को लेकर विवाद भी श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा चुका है। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि धार्मिक संस्थाओं में केवल श्रद्धा पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही भी उतनी ही आवश्यक है। अयोध्या मामले में जांच के बाद कई आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने अपने पदों से इस्तीफा दिया है, जबकि मंदिर निर्माण से जुड़े अधिकारी गोपाल राव को भी जिम्मेदारियों से अलग किया गया है। हालांकि इस्तीफा देना नैतिक जिम्मेदारी का एक पहलू हो सकता है, लेकिन यदि किसी स्तर पर लापरवाही या जवाबदेही तय होती है तो केवल पद छोड़ देना पर्याप्त नहीं माना जा सकता। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और उन्हें न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया, वह काफी सराहनीय है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा भी पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे जाने की जानकारी सामने आई है। इससे यह संदेश गया है कि धार्मिक संस्थाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता को हल्के में नहीं लिया जाएगा, लेकिन केवल दोषियों को सजा देना ही समाधान नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि देश के सभी बड़े धार्मिक संस्थानों में आय-व्यय की आधुनिक और पारदर्शी व्यवस्था विकसित की जाए। दान और चढ़ावे का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए, नियमित स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए और उसकी रिपोर्ट समय-समय पर सार्वजनिक की जाए। मंदिर ट्रस्टों की कार्यप्रणाली में जवाबदेही सुनिश्चित हो तथा वित्तीय प्रबंधन के लिए स्पष्ट और समान मानक बनाए जाएं। तकनीक के इस दौर में डिजिटल निगरानी, सीसीटीवी, ऑनलाइन लेखा-जोखा और स्वतंत्र निगरानी तंत्र जैसी व्यवस्थाएं भ्रष्टाचार की संभावनाओं को काफी हद तक कम कर सकती हैं। देश के अधिकांश मंदिर और धार्मिक संस्थान ईमानदारी और सेवा भाव से समाज के लिए कार्य कर रहे हैं। इसलिए आवश्यक है कि दोषियों और संस्थाओं के बीच स्पष्ट अंतर किया जाए तथा व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाया जाए। आस्था तभी मजबूत रहती है जब उसके साथ विश्वास भी जुड़ा हो। श्रद्धालु मंदिरों में केवल धन नहीं, बल्कि अपनी भावनाएं और उम्मीदें भी समर्पित करते हैं। इसलिए सरकार, मंदिर ट्रस्टों और समाज तीनों की जिम्मेदारी है कि धार्मिक संस्थाओं के संचालन में पूर्ण पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। यही करोड़ों श्रद्धालुओं के विश्वास की सबसे बड़ी रक्षा होगी और यही धर्मस्थलों की गरिमा बनाए रखने का सर्वोत्तम मार्ग भी है।



**मुद्दा**
प्रमोद भार्गव

# एक चेतावनी है वेनेजुएला का भूकंप

> भूकंप आना कोई नई बात नहीं है। पूरी दुनिया इस अभिशाप को झेलने के लिए जब-तब विवश होती रही है। हिंदूकुश क्षेत्र में आया यह भूकंप भारत के लिए भी चेतावनी हैं। हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आश्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी समयपूर्व मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है। अधिक गहराई से चले भूकंप धरती पर तबाही मचाने में कामयाब नहीं हो सकते हैं, क्योंकि चट्टानें तरल द्रव्य के रूप में बदल जाती हैं। कम गहराई से फूटने वाले भूकंप बर्बादी का जलजला धरती पर परोस देते हैं।

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में एक मिनट के अंतराल पर आए दो शक्तिशाली भूकंपों ने बड़ी तबाही मचा दी है। 7.2 और 7.5 तीव्रता वाले भूकंपों ने पूरे देश की बुनियाद को हिला दिया है। इसे वेनेजुएला का एक सदी में आए सबसे ज्यादा विनाशकारी भूकंप का दर्जा दिया गया है। इस शक्तिशाली भूकंप के प्रभाव से राजधानी कराकस और उसके आसपास की सैकड़ों इमारतें कंक्रीट और स्टील के मलबे में बदल गई। 188 लोगों की मृत्यु हो गईं और हजारों लोग मलबे में दबे हुए हैं। यूएस भूगर्भीय सर्वेक्षण में कहा गया है कि आशंका है कि 10,000 से भी अधिक लोग इस विनाशलीला में समा गए हो? चूंकि यह भूकंप छुट्टी के दिन आया था, इस कारण ज्यादातर लोग बहुमंजिला इमारतों के घरों में थे। इस कारण मौतों का अनुमान 10,000 तक लगाया जा रहा है।

इसकी आशंका इसलिए की जा रही है, क्योंकि गुमशुदा लोगों की जानकारी के लिए बनाई गई वेबसाइट पर 66 हजार से भी अधिक लापता लोगों की सूची सामने आ गई। इस भूकंप के झटके जापान और नेपाल में भी दर्ज किए गए हैं। उथले भूकंप गर्भ से भूमि की सतह पर फूटने के साथ भीषण बर्बादी का कारण बनते हैं। भूकंप की चेतावनी संबंधी प्रणालियां अनेक देशों में संचालित हैं लेकिन वह भू-गर्भ में हो रही दानवी हलचलों की सटीक जानकारी समय पूर्व देने में लगभग असमर्थ हैं। प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी देने वाले अमेरिका, जापान, भारत, नेपाल, अफगानिस्तान, चीन और अन्य देशों में भूकंप आते ही रहते हैं। इसलिए यहां लाख टके का सवाल उठता है कि चांद और मंगल जैसे ग्रहों पर मानव बस्तियां बसाने का सपना और पाताल की गहराइयों को नाप लेने का दावा करने वाले वैज्ञानिक आखिर पृथ्वी के नीचे उत्पात मचा रही हलचलों की जानकारी प्राप्त करने में क्यों असफल हैं ? जबकि वैज्ञानिक इस दिशा में लंबे समय से कार्यरत हैं। अमेरिका एवं भारत समेत अनेक देश मौसम व भू-गर्भीय हलचल की जानकारी देने वाले सैकड़ों उपग्रह अंतरिक्ष में स्थापित कर चुके हैं। हिंदूकुश क्षेत्र में आया यह भूकंप भारत के लिए भी चेतावनी हैं। लेकिन ये उपग्रह 2025 में आए अफगानिस्तान के भूकंप की तरंगों को नहीं पकड़ पाए थे। दरअसल दुनिया के नामचीन विशेषज्ञों व पर्यावरणविदों की मानें तो सभी भूकंप प्राकृतिक नहीं होते, बल्कि उन्हें विकराल बनाने में मानवीय हस्तक्षेप शामिल है। इसीलिए इस भूकंप को स्थानीय भू-गर्भीय विविधता का कारण माना गया है। दरअसल प्राकृतिक संसाधनों के अकूत दोहन से छोटे स्तर के भूकंपों की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। भविष्य में इन्हीं भूकंपों की व्यापकता और विकरालता बढ़ जाती है। यही कारण है कि भूकंपों की आवृत्ति बढ़ रही है। पहले 13 सालों में एक बार भूकंप आने की आशंका बनी रहती थी, लेकिन अब यह घटकर 4 साल हो गई है। यही नहीं, आए भूकंपों का वैज्ञानिक आकलन करने से यह भी पता चला है कि भूकंपीय विस्फोट में जो ऊर्जा निकलती है, उसकी मात्रा भी पहले की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हुई है। 25 अप्रैल 2015 को नेपाल में जो भूकंप आया था, उनसे 20 थर्मोन्यूक्लियर हाइड्रोजन बमों के बराबर ऊर्जा निकली थी। यहां हुआ प्रत्येक विस्फोट हिरोशिमा-नागाशाकी में गिराए गए परमाणु बमों से भी कई गुना ज्यादा ताकतवर



था। जापान और फिर क्वोटो में आए सिलसिलेवार भूकंपों से पता चला है कि धरती के गर्भ में अंगड़ाई ले रही भूकंपीय हलचलें महानगरीय आधुनिक विकास और आबादी के लिए अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। ये हलचलें भारत, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की धरती के नीचे भी अंगड़ाई ले रही हैं। इसलिए इन देशों के महानगर भूकंप के मुहाने पर खड़े हैं। विकास की अंधी दौड़ में पर्यावरण की अनदेखी प्रकृति को प्रकोप में बदल रही है। इसलिए बाढ़, भू-स्खलन, सूखा, हिमनदों का पिघलना, भूकंप और सुनामी जैसे तूफानों का आना निरंतर बना हुआ है। भूकंप आना कोई नई बात नहीं है। पूरी दुनिया इस अभिशाप को झेलने के लिए जब-तब विवश होती रही है। बावजूद हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आश्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी आने से पहले मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है। ऐसी वैज्ञानिक मान्यता है कि करीब साढ़े पांच करोड़ साल पहले भारत और आस्ट्रेलिया को जोड़े रखने वाली भूगर्भीय परतें एक-दूसरे से अलग हो गईं और वे यूरेशिया परत से जा टकराईं। इस टक्कर के फलस्वरूप हिमालय पर्वतमाला अस्तित्व में आई और धरती की विभिन्न परतों के बीच वर्तमान में मौजूद दरारें बनीं। हिमालय पर्वत उस स्थल पर अब तक अटल खड़ा है, जहां पृथ्वी की दो अलग-अलग परतें परस्पर टकराकर एक-दूसरे के भीतर घुस गई थीं। परतों के टकराव की इस प्रक्रिया की वजह से हिमालय और उसके प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भूकंप आते रहते हैं। इसी प्रायद्वीप में ज्यादातर एशियाई देश बसे हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि रासायनिक क्रियाओं के कारण भी भूकंप आते हैं। भूकंपों की उत्पत्ति धरती की सतह से 30 से 100 किमी भीतर होती है। इससे यह वैज्ञानिक धारणा भी बदल रही है कि भूकंप की विनाशकारी तरंगें जमीन से कम से कम 30 किमी नीचे से चलती हैं। ये तरंगे जितनी कम गहराई से उठेंगी, उतनी तबाही भी ज्यादा होगी और भूकंप का प्रभाव भी कहीं अधिक बड़े क्षेत्र में दिखाई देगा। लगता है अब कम गहराई के भूकंपों का दौर चल पड़ा है। मैक्सिको में सितंबर 2017 में आया भूकंप धरती की सतह से महज 40 किमी नीचे से उठा था। इसलिए इसने भयंकर तबाही का तांडव रचा था। तिब्बत में आए भूकंप की गहराई तो मात्र 10 किमी आंकी गई है,अफगानिस्तान का भूकंप मात्र 8 से 10 किमी की गहराई से उठा था, और अब वेनेजुएला में आया भूकंप भी 10 किमी की गहराई से फूटा है। सतह के नीचे धरती की परत ठंडी होने व कम दबाव के कारण कमजोर पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब चट्टानें दरकती हैं तो भूकंप आता है। कुछ भूकंप धरती की सतह से 100 से 650 किमी के नीचे से भी आते हैं, लेकिन तीव्रता धरती की सतह पर आते-आते कम हो जाती है, इसलिए बड़े रूप में त्रासदी नहीं झेलनी पड़ती। दरअसल, इतनी गहराई में धरती इतनी गर्म होती है कि एक तरह से वह द्रव रूप में बदल जाती है। इसलिए इसके झटकों का असर धरती पर कम ही दिखाई देता है। बावजूद इन भूकंपों से ऊर्जा बड़ी मात्रा में निकलती है। धरती की इतनी गहराई से प्रगट हुआ सबसे बड़ा भूकंप 1994 में बोलिविया में रिकॉर्ड किया गया है। पृथ्वी की सतह से 600 किमी भीतर दर्ज इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.3 मापी गई थी। इसीलिए यह मान्यता बनी है कि इतनी गहराई से चले भूकंप धरती पर तबाही मचाने में कामयाब नहीं हो सकते हैं, क्योंकि चट्टानें तरल द्रव्य के रूप में बदल जाती हैं। कम गहराई से फूटने वाले भूकंप बर्बादी का जलजला धरती पर परोस देते हैं।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**अधिकार**
सुशील देव



# फुटपाथ पर दादागिरी दिखाता अतिक्रमण !

बढ़ती आबादी के कारण सड़कों पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है और सड़कें छोटी पड़ती जा रही हैं। ऐसे में अवैध पार्किंग जहां एक नासूर बनती जा रही है, वहीं सड़कों के किनारे पैदल चलने वालों के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं बची है। इससे राहगीरों को न केवल चलने-फिरने में परेशानी होती है, बल्कि फुटपाथों पर अवैध कब्जों और अतिक्रमण के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। स्थिति यह है कि अतिक्रमण ने एक तरह से फुटपाथों को निगल लिया है। कई शहरों में तो फुटपाथ दिखाई तक नहीं देते। कहीं उन पर अवैध पार्किंग का कब्जा है, कहीं दुकानों, रेहड़ी-पटरी और ढेलों ने रास्ता रोक रखा है, तो कहीं कूड़े-कचरे और अव्यवस्थित रखरखाव के कारण वे पूरी तरह बाधित हैं। नतीजतन, पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित रास्ते लगातार कम होते जा रहे हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि फुटपाथों पर पहला अधिकार पैदल चलने वालों का है। अदालत ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर वाहनों की निर्बाध आवाजाही से भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि पैदल यात्री फुटपाथों पर बिना किसी बाधा के सुरक्षित रूप से चल सकें। यह निर्णय स्वागत योग्य और सराहनीय है, जिसने सरकारों को उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराया है तथा नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार की याद दिलाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फुटपाथ केवल



सड़क दुर्घटनाओं से बचने की जगह नहीं हैं, बल्कि लोगों के चलने के अधिकार का प्रतीक हैं। सुरक्षित और सुविधाजनक फुटपाथ हर नागरिक का बुनियादी अधिकार हैं। उनका उद्देश्य लोगों को स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से पैदल चलने की सुविधा देना है, जो स्वस्थ जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा है। फुटपाथ केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि अभिव्यक्ति, शांतिपूर्ण प्रदर्शन और सामाजिक जुड़ाव के लिए भी महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थान हैं। सड़क निर्माण के दौरान केवल वाहनों की सुविधा का ही नहीं, बल्कि पैदल यात्रियों की जरूरतों का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। दुर्भाग्यवश, देश के अधिकांश हिस्सों में अतिक्रमण के कारण फुटपाथ लगभग गायब हो चुके हैं। कई विकासशील देशों की तुलना में भारत में फुटपाथ बड़े पैमाने पर अतिक्रमण के शिकार हैं। कहीं रेहड़ी-पटरी वालों ने कब्जा जमा रखा है, तो कहीं दुकानदारों के साइन बोर्ड और सामान ने रास्ता घेर लिया है। ऐसे में पैदल चलने वाले आखिर करें तो क्या करें? आमतौर पर उन्हें सड़क के किनारे चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे वे दुर्घटनाओं की चपेट में आ जाते हैं। हर वर्ष हजारों लोग ऐसी दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा देते हैं। दूसरी ओर, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के कारण यातायात जाम की समस्या भी गंभीर होती जा रही है, जिससे आम लोगों को घंटों परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

सबसे चिंता की बात यह है कि इस गंभीर समस्या की ओर ट्रैफिक पुलिस, प्रशासन और सरकारें अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखातीं। परिणामस्वरूप सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप कर यह याद दिलाना पड़ता है कि फुटपाथ पर सुरक्षित और बाधारहित रूप से चलना जनता का मौलिक अधिकार है। फुटपाथों का उपयोग पूरी तरह बाधारहित और सुविधाजनक होना चाहिए। इनके रखरखाव और संरक्षण की जिम्मेदारी जिन विभागों पर है, उन्हें ईमानदारी और जवाबदेही के साथ अपनी भूमिका निभानी चाहिए। नगर निगम, नगर पालिकाएं, शहरी विकास प्राधिकरण तथा पंचायतों को इस दिशा में सक्रिय कदम उठाने होंगे। जिस प्रकार यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान और जुर्माने का प्रावधान है, उसी प्रकार फुटपाथों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। यदि किसी अतिक्रमण के कारण सड़क दुर्घटना होती है, तो जिम्मेदार लोगों को कठोर कानूनी दायरे में लाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि सुरक्षित, चौड़े और अतिक्रमण-मुक्त फुटपाथ हर नागरिक का अधिकार हैं और इन्हें उपलब्ध कराना सरकारों की जिम्मेदारी है। इसके लिए आवश्यक हो तो अलग कानून बनाया जाए तथा पैदल यात्रियों की शिकायतों के निवारण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक स्वतंत्र नियामक (रेगुलेटर) की स्थापना की जाए। तभी फुटपाथों को अतिक्रमण की दादागिरी से मुक्त कर पैदल यात्रियों को उनका वास्तविक अधिकार दिलाया जा सकेगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं



संकलित
**दर्शन**

सामान्यतया सर्प अपनी भयंकरता के लिए जाने जाते हैं। पर दो बड़े देवता उन्हें अंगीकार किए हुए हैं। एक तो संसार के पालक विष्णु जी, जो उन्हें अपनी शय्या बनाए हुए हैं और दूसरे देवों के देव भगवान शंकर, जो उन्हें हारतुल्य कंठ में डाले हुए हैं। फिर वे पूज्य क्यों न माने जाएं? सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। कृषि के शत्रु और मानवता के क्षतिकारक चूहों व कीट आदि का भक्षण करते रहते हैं और विष को आत्मसात करते हैं। दंश वे तभी देते हैं, जब दब-कुचल जाएं या उन्हें ऐसा कोई भ्रम हो जाए। वे अनेक औषधियों के निर्माण में भी सहायक होते हैं। सर्पों की अनेक प्रजातियां विषहीन भी होती हैं। शास्त्रों के अनुसार, वे शेषनाग के रूप में पृथ्वी को धारण करते हैं और वासुकि के रूप में कष्ट उठाकर समुद्र मंथन में रज्जु का काम करते हैं। रावण जैसे राक्षसों के संहार में शेषावतार लक्ष्मण रूप से श्रीराम की सहायता करते हैं। वराह पुराण के अध्याय 24 में एक कथा आई है। सर्पगण कश्यप ऋषि व उनकी पत्नी कद्रू की संतान हैं। उनसे अनंत, वासुकि, कंबल, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख, कुलिक, पापराजिल आदि सर्प हुए। ये गरुड़ के सौतेले भाई हैं, जो ऋषि की अन्य पत्नी विनता से जन्मे। जब ये मानवता को कष्ट देने लगे, तो ब्रह्मा जी ने वासुकि आदि को बुलवा कर डांटा और अभिशप्त किया। सर्पों द्वारा अनुनय-विनय करने पर उन्हें रहने के स्थान सीमित किए और काटने की भी सीमा रेखाएं खींची। यह सारा वृत्तांत पंचमी तिथि को हुआ। मान्यता है कि इस दिन उनकी पूजा-अर्चना से मानव को सर्प भय से मुक्ति मिल जाती है।

## किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं**

एक समय था जब टीबी यानी क्षय रोग का नाम सुनते ही मरीज और उसके परिवार में डर का माहौल बन जाता था। लोगों को लगता था कि यह बीमारी जीवन भर पीछा नहीं छोड़ेगी और इसका इलाज संभव नहीं है। जानकारी की कमी और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण अनेक मरीज समय पर उपचार नहीं ले पाते थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा विज्ञान ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज टीबी का प्रभावी इलाज उपलब्ध है और लाखों मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। यही कारण है कि अब टीबी को लाइलाज बीमारी नहीं माना जाता, बल्कि समय पर पहचान और नियमित उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

- अशोक चमोली, रोहतक

## करंट अफेयर

# बकिंघम पैलेस में नहीं रहेंगे महाराज चार्ल्स तृतीय



ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय बकिंघम पैलेस के 10 वर्षों तक 36 .9 करोड़ पाउंड (लगभग 48 .7 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के व्यापक नवीनीकरण कार्यक्रम के पूरा होने के बाद भी वहां स्थायी रूप से नहीं रहेंगे। राजशाही का मानना है कि इस ऐतिहासिक भवन को आम जनता के लिए अधिक सुलभ बनाया जाना चाहिए। हालांकि, शाही अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला बकिंघम पैलेस से अपने आधिकारिक कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह महल आगे भी राजशाही का ' 'औपचारिक और प्रशासनिक केंद्र' ' बना रहेगा, लेकिन चार्ल्स के पूरे शासनकाल के दौरान महाराजा और महारानी (बकिंघम पैलेस के) निकट स्थित क्लेरेंस हाउस में निवास करेंगे। महाराजा के वित्तीय मामलों की देखरेख करने वाले वरिष्ठ शाही अधिकारी जेम्स चाल्मर्स ने कहा, ' 'बकिंघम पैलेस राजशाही का मुख्यालय है और आगे भी बना रहेगा। यह हमारे राष्ट्रीय भवनों का सबसे अनमोल रत्न है।' ' इस निर्णय की घोषणा बृहस्पतिवार को शाही वित्तीय मामलों पर आयोजित एक ब्रीफिंग के दौरान की गई। इसी अवसर पर किंग चार्ल्स देश के पहले ऐसे सम्राट भी बने, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से यह जानकारी दी कि उन्होंने सरकार को कितना कर अदा किया।

## ऑफ बीट

# तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है विटामिन बी6




ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4 .5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांस्मीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है। मस्तिष्क के कामकाज और व्यक्ति के मिजाज के नियमन में न्यूरोट्रांस्मीटर की अहम भूमिका होती है।

## ट्रेंड

### नार्को-कार्टेल्स



भारत ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग की वैश्विक चुनौती के खिलाफ़ सबसे मज़बूत लड़ाई लड़ी है; इसके तहत नार्को-कार्टेल्स को सख्ती से खत्म किया गया है और प्रभावित लोगों का उचित देखभाल और सहानुभूति के साथ इलाज किया गया है।

- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### मारवाड़ी समाज का योगदान



आधुनिक असम की नींव कई समुदायों की दशकों की कड़ी मेहनत पर टिकी है, जिसमें मारवाड़ी समाज भी शामिल है। अस्पतालों से लेकर समाज-सेवा करने वाली संस्थाओं तक, हर संस्थान उनके अहम योगदान की गवाही देता है।

- **हिमंत बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### आत्मनिर्भर भारत



भारत की रक्षा शक्ति को मिली एक और बड़ी मजबूती। स्वदेशी 'नेत्र' एईडब्ल्यू और सी सिस्टम को अंतिम परिचालन मंज़ूरी मिलने से भारतीय वायुसेना की निगरानी, समय रहते खतरे की पहचान और रणनीतिक क्षमता को नई ताकत मिलेगी। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प निरंतर साकार हो रहा है।

- **सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

### बंकिम चंद्र को नमन



बंकिम चंद्र के दोनों हाथों में समान शक्ति थी, वे दोनों हाथों का समान रूप से उपयोग करने वाले) थे... एक हाथ से उन्होंने साहित्यिक ज्ञान का प्रकाश फैलाया और दूसरे हाथ से अज्ञानता और गलत धारणाओं के धुएं और राख को दूर किया।

- **मल्लिकार्जुन खड़गे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# इक्वाडोर ने किया बड़ा उलटफेर
## 4 बार की चैंपियन जर्मनी को हराया

गोंजालो प्लाटा के 77वें मिनट में दागे गोल की बदौलत इक्वाडोर ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जर्मनी को 2-1 से हराकर 2006 के बाद पहली बार विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाई।

- गोंजालो प्लाटा ने 77वें मिनट में दागा निर्णायक गोल
- जर्मनी को 2-1 से हराकर 2006 के बाद पहली बार नॉकआउट में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

अब मंगलवार को नॉकआउट चरण में मैक्सिको सिटी में उसका मुकाबला मैक्सिको से हो सकता है। अपने शुरुआती दो मैच जीतकर पहले ही नॉकआउट में जगह पक्की कर चुकी चार बार की चैंपियन जर्मनी की टीम सोमवार को फॉक्सबोरो में अपना राउंड ऑफ 32 का मैच खेलेगी। टीम का मुकाबला पैराग्वे, ऑस्ट्रेलिया या स्वीडन में से किसी एक से होने की संभावना है। जर्मनी की लगातार जीत का सिलसिला इस हार के साथ 11 मैच पर रुक गया, जो 1979-80 में बने टीम रिकॉर्ड से बस एक मैच कम था।

## ऑस्ट्रेलिया ने खेला ड्रॉ, नॉकआउट में बनाई जगह

**पैराग्वे के आगे बढ़ने की उम्मीद**



सांता क्लारा। ऑस्ट्रेलिया ने पैराग्वे के साथ गोल रहित ड्रॉ खेलकर फुटबॉल विश्व कप के नॉकआउट में जगह पक्की की। पैराग्वे के लिए भी आगे बढ़ने की उम्मीद बढ़ गई है। टूर्नामेंट में अब 48 टीमें हैं और ग्रुप चरण में तीसरे स्थान पर रहने वाली 12 में से आठ टीम भी नॉकआउट राउंड में जगह बनाएंगी। इसी वजह से ग्रुप डी के अपने आखिरी मैच में दोनों टीमों ने सावधानी दिखाई क्योंकि तुर्की पर जीत के बाद दोनों के पास तीन-तीन अंक थे। इस मैच के विजेता को ग्रुप में अमेरिका के बाद दूसरा स्थान मिलना तय था। ऑस्ट्रेलिया ने ड्रॉ के साथ यह स्थान हासिल कर लिया क्योंकि उसका गोल अंतर पैराग्वे से बेहतर था लेकिन इस ड्रॉ से पैराग्वे को ग्रुप में चार अंक मिले, जो शायद नॉकआउट चरण में प्रवेश के लिए काफी होंगे। यह तीसरी बार है जब ऑस्ट्रेलिया नॉकआउट दौर में पहुंचा है। इससे पहले 2006 और 2022 में वे प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीन जुलाई को अर्लिंगटन में राउंड ऑफ 32 का मैच खेलेगी। उनका मुकाबला ग्रुप जी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा।



# पहली बार नॉकआउट में आइवरी कोस्ट

**फिलाडेल्फिया।** निकोलस पेपे के दो गोल की बदौलत आइवरी कोस्ट ने क्यूरासाओ को 2-0 से हराकर पहली बार फुटबॉल विश्व कप के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। मैच के बाद आइवरी कोस्ट के खिलाड़ी खुशी से झूम उठे। वे टीम फोटो के लिए पिच पर घुटनों के बल बैठ गए और सभी ने एक अंगुली आसमान की ओर उठाई। यह इस पश्चिम अफ्रीकी टीम के विश्व कप नॉकआउट दौर में पहली बार पहुंचने की खुशी थी। स्टार फारवर्ड पेपे ने कहा, 'हम अपने लिए कोई सीमा तय नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हमारे अंदर बहुत क्षमता है।' आइवरी कोस्ट की टीम अब नॉकआउट में 30 जून को ग्रुप आई में उप विजेता रहने वाली फ्रांस या नॉर्वे की टीम से भिड़ेगी।

**पेपे ने सातवें मिनट में दिलाई बढ़त**

पेपे ने मैच के सातवें मिनट में ही आइवरी कोस्ट को बढ़त दिला दी, जिसके बाद टीम ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा। आइवरी कोस्ट को आगे बढ़ने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन उन्होंने पूरे जोश के साथ खेला और क्यूरासाओ को बराबरी करने का कोई मौका नहीं दिया। आइवरी कोस्ट को स्टेडियम में दर्शकों का भरपूर समर्थन मिल रहा था और जब पेपे ने 64वें मिनट में बाएं पैर से दनदनाता हुआ शॉट मारकर जीत पक्की की तो नारंगी जर्सी पहने टीम के प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

## नीदरलैंड ग्रुप एफ में शीर्ष पर



**कन्सास सिटी।** ब्रायन ब्रॉबी ने विश्व कप में अपना तीसरा गोल किया जबकि ट्यूनीशिया के खिलाड़ियों ने दो आत्मघाती गोल दागे, जिससे नीदरलैंड ने बारिश के बीच 3-1 की जीत के साथ ग्रुप एफ के विजेता के तौर पर नॉकआउट चरण में जगह बनाई। विश्व कप के शुरुआती मैच में हार के बाद अपने कोच को हटाने वाला ट्यूनीशिया पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका था। शुरुआती कुछ मिनटों में ही तय हो गया कि चीजें ट्यूनीशिया के पक्ष में नहीं हो रहीं। डेन्जेल डमफ्रीज ने गोल के सामने से गेंद भेजी और ट्यूनीशियाई कप्तान एलिस स्खिरी ने उसे क्लियर करने की कोशिश में पैर से मारा लेकिन गेंद उनके ही गोल में चली गई। सातवें मिनट में ब्रॉबी ने स्कोर 2-0 कर दिया जब डच टीम को लगभग 25 गज की दूरी से फ्री किक मिली। वैन डाइक ने शानदार ढंग से हेडर से गेंद को बॉक्स के पार भेजा और ब्रॉबी ने गोलकीपर आयमेन डाहमेन के ऊपर से चिप करके गेंद को नेट में डाल दिया।

## जापान और स्वीडन ने खेला ड्रॉ, नॉकआउट में एंट्री

**अर्लिंगटन।** डाइजेन माएदा ने जापान को बढ़त दिलाई लेकिन 6 मिनट बाद एंथनी एलंगा ने बराबरी का गोल कर स्वीडन को 1-1 से ड्रॉ दिलाया, जिससे दोनों ही टीमें विश्व कप के नॉकआउट दौर में पहुंच गईं।

एलंगा ने 62वें मिनट में बॉक्स के दाहिने कोने के ठीक बाहर से बाएं पैर से दनदनाता हुआ शॉट लगाकर इस टूर्नामेंट में अपना दूसरा गोल किया और स्वीडन को नॉकआउट में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई। एलंगा ने



न्यूकासल के लिए 49 मैच में केवल तीन गोल किए हैं जबकि पिछले 32 प्रीमियर लीग मैच में कोई गोल नहीं किया है। इससे छह मिनट पहले माएदा ने पेनल्टी एरिया में रित्सु दोआन के बेहतरीन पास को बाएं पैर से रोका और आसानी से जैकब विडेल जेटरस्ट्रॉम को छकाते हुए दाहिने पैर से गोल दाग दिया। यह टूर्नामेंट में जापान का सातवां गोल था, जो किसी एक विश्व कप में देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## तुर्की की पहली जीत



**इंगलवुड।** कान आयहान ने मैच की आखिरी किक पर गोल किया और तुर्की ने अमेरिका को 3-2 से हराकर विश्व कप में अपनी एकमात्र जीत दर्ज की। ऑस्टन ट्रस्टी ने तीसरे मिनट में गोल करके अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन तुर्की ने आर्डा गुलेर (10वें मिनट) और बारिस अल्पर यिलमाज (31वें मिनट) के गोल की बदौलत स्कोर 2-1 कर दिया। अमेरिका ने 49वें मिनट में सबेस्टियन बरहाल्टर के गोल से बराबरी हासिल की लेकिन आयहान ने अंतिम लम्हों में गोल दागकर तुर्की की जीत सुनिश्चित कर दी। अमेरिकी टीम पहले ही पैराग्वे और ऑस्ट्रेलिया को हराकर ग्रुप डी जीतकर नॉकआउट में जगह बना चुकी थी। तुर्की ने शानदार खेल दिखाते हुए पहले हाफ में दो गोल की बदौलत दबदबा बनाया और अंततः रोमांचक जीत दर्ज करने में सफल रहा। तुर्की अपने पहले दो मैच हारने के बाद पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका था जबकि आंकड़ों के लिहाज से उसने दोनों मैचों में काफी हद तक दबदबा बनाए रखा था।

## खबर संक्षेप

### रॉटरडैम डॉकर्स के सह-मालिक बने जॉन अब्राहम



**रॉटरडैम।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम रॉटरडैम डॉकर्स के सह-मालिक बन गए हैं। यह उन छह फ्रेंचाइजी टीमों में से एक है, जो 26 अगस्त से 20 सितंबर तक होने वाली पहली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में भाग लेंगी। अब्राहम उस नेतृत्व समूह का हिस्सा बन गए हैं, जिसमें क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी जॉन्टी रोड्स, फाफ डु प्लेसी और हेनरिक क्लासेन के अलावा मैनेजिंग पार्टनर मधुकर शामिल हैं।

### 'ऑनलाइन ट्रोलिंग' बचाव से जुड़ी महिला क्रिकेटर

**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सोशल मीडिया मंचों पर 'ट्रोलिंग' के बचाव से जुड़े 'प्लेयर प्रोटेक्शन प्रोग्राम' में 100 से अधिक महिला क्रिकेटरों ने पंजीकरण कराया है। आईसीसी ने इसके लिए एआई से संचालित 'मॉडरेटर' फ्रीडम2हियर के साथ साझेदारी की है, जिसने मौजूदा महिला टी20 विश्व कप के दौरान लगभग 60,000 'हानिकारक सामग्री' को हटाया है। आईसीसी ने कहा कि टूर्नामेंट की शुरुआत से अब तक 50 से अधिक नए खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।

# टी-20: आयरलैंड ने पहली बार वर्ल्ड चैंपियन भारत को हराया

## पहला मुकाबला 34 रन से जीता, अभिषेक की फिफ्टी काम नहीं आई

- आयरलैंड ने दो मैचों की शृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई

भाषा ▶▶| बेलफास्ट

आयरलैंड ने आक्रामक बल्लेबाजी के बाद मैट हॉलार्ड (28 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में अनुशासित गेंदबाजी के दम पर दो मैचों की शृंखला में पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में शुक्रवार को यहां भारत को 34 रन से हराकर इतिहास रच दिया। मौजूदा टी-20 विश्व चैंपियन भारत के खिलाफ किसी भी प्रारूप में आयरलैंड की यह पहली जीत है। इसके साथ ही दो मैचों की शृंखला में उसने 1-0 की बढ़त बना ली। आयरलैंड के कप्तान लोर्कान टकर ने 36 गेंदों में 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्हें गेराथ डेलानी (32 गेंदों में 49 रन) का



अच्छा साथ मिला। पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने खराब शुरुआत से उबरते हुए नौ विकेट पर 182 रन बनाए। जवाब में भारतीय बल्लेबाज क्रीज पर टिककर बल्लेबाजी नहीं कर सके और टीम 18.5 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (50) ने 20 गेंदों में शानदार अर्धशतक लगाया, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें कोई खास साथ नहीं मिला। आयरलैंड के लिए पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज जय मूंद्रा (26 रन पर दो विकेट) ने भारत को पहला झटका दिया। उन्होंने अपने मूल देश के खिलाफ संजू सैमसन (04) को बोल्ड कर पहली सफलता हासिल की। इसके बाद आयरलैंड के गेंदबाजों ने लगातार सटीक लेंथ पर गेंदबाजी की और भारतीय बल्लेबाज एक के बाद एक विकेट गंवाते रहे।

## इंडिया ए की मजबूत पकड़, 452 रन पर घोषित की पहली पारी


**गॉल।** इंडिया ए की टीम ने श्रीलंका ए के दौरे पर खेले जा रहे पहले चार दिवसीय मैच की पहली पारी में धमाल मचा दिया। इंडिया ए के लिए पहले दिन साई सुदर्शन (132) ने शतक जड़ा। इसके बाद दूसरे दिन इंडिया ए के कप्तान ध्रुव जुरेल (141) ने भी शतक जड़ दिया। जुरेल के अलावा शेख रशीद ने 63 रन बनाए, जिससे इंडिया ए ने छह विकेट पर 452 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद पहली पारी घोषित कर दी। गॉल के मैदान में इंडिया ए के कप्तान ध्रुव जुरेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इसके जवाब में साई सुदर्शन ओपनिंग करने आए और उन्होंने पहले दिन ही 175 गेंदों में 132 रन की शानदार पारी खेली। उनकी पारी की बदौलत इंडिया ए ने पहले दिन चार विकेट पर 333 रन बना लिए थे। दूसरे दिन जुरेल ने 68 रन और शेख रशीद ने 53 रन से आगे खेलना शुरू किया। रशीद ने दूसरे दिन 10 रन और जोड़कर 63 रन बनाए।

## 20 वर्षीय माया से भिड़ेंगी 44 साल की सेरेना

**29 जून से विम्बलडन का आगाज**

एजेंसी ▶▶| लंदन

सात बार की विम्बलडन एकल चैंपियन सेरेना विलियम्स सोमवार से शुरू हो रहे इस ग्रैंड स्लैम के पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया की 20 वर्षीय माया जॉइंट से भिड़ेंगी। यह लगभग चार वर्षों के अंतराल के बाद इस टूर्नामेंट में उनका पहला एकल मुकाबला होगा। इस 44 वर्षीय दिग्गज को घसियाले कोर्ट पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए लिए वाइल्ड कार्ड मिला है। वह एकल के अलावा अपनी बड़ी बहन वीनस विलियम्स (46) के साथ युगल स्पर्धा में भी हिस्सा लेंगी। सेरेना की टेनिस में वापसी की शुरुआत दो युगल अभ्यास मुकाबलों से हुई थी, लेकिन रविवार को ऑल इंग्लैंड क्लब ने उनके एकल खेलने की घोषणा के साथ उनकी वापसी को नई गति मिली।



**वीनस के साथ युगल स्पर्धा में हिस्सा लेंगी सेरेना**

**2022 में खेला था पिछला एकल मुकाबला:** सेरेना ने अपना पिछला एकल मुकाबला 2022 के यूएस ओपन में खेला था, जहां उन्हें तीसरे दौर में अजला टोमल्यानोविच के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उस समय उन्होंने 'संन्यास' शब्द का इस्तेमाल करने से इनकार करते हुए कहा था कि वह टेनिस से दूर होकर अपने जीवन के नए चरण की ओर बढ़ रही हैं।

### एफआईएच प्रो लीग
## इंग्लैंड से पेनल्टी में हारा भारत

**लंदन।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को इंग्लैंड के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मैच के नियमित समय में 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी में 1-4 से हार झेलनी पड़ी। ली वैली हॉकी एवं टेनिस सेंटर में भारत के लिए दिलप्रीत सिंह (10वें और 58वें मिनट) ने दोनों गोल दागे जबकि इंग्लैंड के लिए डेविड गुडफील्ड (29वें मिनट) और निकोलस बांडुरक (56वें मिनट) ने गोल किए। बाद में शूटआउट में मेजबान टीम के लिए थॉमस सोर्सबी, जेम्स अल्बेरी और कप्तान जैकरी वालेस ने अपने मौकों को गोल में बदला। इसके अलावा एक मौके पर पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे भी वालेस ने गोल में बदला। शूटआउट में भारत के लिए एकमात्र गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किया।

**पहला हाफ रहा रोमांचक :** इससे पहले नियमित खेल के दौरान पहला हाफ रोमांचक रहा क्योंकि दोनों टीमों ने गोल किए और कुछ मौके भी बनाए। भारत ने पहले क्वार्टर में अच्छी शुरुआत की और जल्द ही एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। हालांकि कप्तान हरमनप्रीत की ड्रैग फ्लिक को इंग्लैंड के गोलकीपर जेम्स माजारेलो ने रोक दिया।

## राइफल-पिस्टल स्पर्धाओं में शीर्ष पर भारत

**सुहल।** भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में 7 स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर अपने अभियान का शानदार समापन किया, लेकिन शॉटगन स्पर्धा में उसे कोई पदक नहीं मिला। भारत ने 24 पदकों (सात स्वर्ण, आठ रजत और नौ कांस्य) के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण सहित 14 पदक जीते जबकि इटली ने छह स्वर्ण सहित 10 पदकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारत ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। सेजल कांबले ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हिमांशी ने कांस्य पदक हासिल किया।



# वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को 308 रन पर समेटा

**डिसिल्वा ने जड़ा 13वां टेस्ट शतक**

एजेंसी ▶▶| नॉर्थ साउंथ

कप्तान धनंजय डिसिल्वा के 13वें टेस्ट शतक के बावजूद वेस्टइंडीज ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन श्रीलंका को 308 रन पर समेट दिया। डिसिल्वा ने 168 गेंद में 17 चौकों से 120 रन की पारी खेली। उन्होंने उस समय दिनेश चांदीमल (54) के साथ चौथे विकेट के लिए 68 और सोनल दिनुशा (43) के साथ छठे विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की जब टीम 42 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी।

मिलन रत्नायके (27) के साथ सातवें विकेट के लिए 64 रन और जोड़ने के बाद मेहमान टीम के कप्तान आखिरी सत्र में 120 रन पर आउट हो गए। जब 65वें ओवर में डिसिल्वा आउट हुए तब श्रीलंका



का स्कोर सात विकेट पर 272 रन था और सात ओवर बाद उनकी पारी खत्म हो गई जब जेडन सील्स और जस्टिन ग्रीव्स ने निचले क्रम को समेटा।

### अमेरिकी ओपनः दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी को सीधे गेम में हराया
# रौनक ने किया उलटफेर, टिएन को हराया, क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

एजेंसी ▶▶| फुलर्टन

युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रौनक चौहान ने अमेरिकी ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए चीनी ताइपे के दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी और शीर्ष वरीय चाउ टिएन चेन को सीधे गेम में हरा दिया। दुनिया के 80वें नंबर के खिलाड़ी रौनक ने टिएन को 21-17, 26-24 से हराया और इजराइल के मिशा जिल्बरमैन के साथ क्वार्टर फाइनल मुकाबला तय किया। भारत के 18 साल के रौनक ने शुरू से ही अपने अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा। हालांकि टिएन 17-15 तक आगे रहे लेकिन इसके बाद रौनक ने लगातार छह अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया।



**दूसरे गेम में रौनक ने की वापसी**

दूसरे गेम में अधिकतर समय टिएन का दबदबा रहा और वह 17-11 से आगे थे लेकिन फिर रौनक ने लगातार छह अंक जीतकर जोरदार वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें रौनक ने चार गेम प्वाइंट बचाए और फिर अपने दूसरे मैच प्वाइंट को भुनाते हुए 49 मिनट में जीत हासिल की।

## अंतिम आठ में तन्वी रक्षिता और देविका


महिला एकल में विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा, रक्षिता श्री और देविका सिहाग भी अंतिम आठ में पहुंच गईं। पांचवीं वरीय तन्वी ने चीनी ताइपे की तुंग सिउ तोंग को 21-12, 21-19 से हराया जबकि रक्षिता ने भी चीनी ताइपे की ही चेन सु यू को 21-4, 21-19 से शिकस्त दी। छठी वरीय देविका ने थाईलैंड की टोनरुग साएहेंग को 21-17, 21-19 से हराया। अनुभवी किदांबी श्रीकांत ने पुरुष एकल में मलेशिया के ली जी जिया को 21-14, 21-13 से हराकर भारत के लिए एक शानदार दिन का समापन किया।


# मनप्रीत-पूजा ने एशियन गेम्स टीम में पक्का किया टिकट

- भिवानी के कृष्णा कुमार ने रजत पदक पर कब्जा जमाया
- अंबाला की मनप्रीत ने गोल्ड और फतेहाबाद की पूजा ने रजत जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में आयोजित की जा रही 65वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का गौरव बढ़ाया है। 5 दिवसीय (24 जून से 28 जून) इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में हरियाणा के करीब 70 खिलाड़ियों का दल भाग ले रहा है। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक ने बताया कि अंबाला की होनहार खिलाड़ी मनप्रीत कौर ने शॉट पुट इवेंट में 17 मीटर 75 सेंटीमीटर की शानदार थ्रो कर स्वर्ण





पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने एशियन गेम्स क्वालीफाइंग स्टैंडर्ड को हासिल कर भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है, और अब वे जापान में भारतीय ध्वज फहराएंगी। महिला वर्ग की 800 मीटर दौड़ में फतेहाबाद की पूजा ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 2 मिनट 04 सेकेंड और 37 माइक्रोन का समय निकालकर रजत पदक जीता। इसके साथ ही उन्होंने भी एशियन गेम्स टीम में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया। इस रेस का स्वर्ण पदक तमिलनाडु की गौतमी जयारमन (2:04.17) और कांस्य पदक उत्तराखंड की लिली दास (2:04.59) ने जीता। इन तीनों ही धावकों ने एशियन गेम्स क्वालीफाइंग स्टैंडर्ड को अचीव किया है। वहीं, पुरुष वर्ग की 800 मीटर दौड़ में भिवानी (हरियाणा) के कृष्णा कुमार ने 1 मिनट 48 सेकेंड और 82 माइक्रोन के समय के साथ रजत पदक पर कब्जा जमाया। हरियाणा के खिलाड़ियों का जलवा डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) में भी देखने को मिला। भिवानी के निर्भय सिंह ने 55 मीटर 26 सेंटीमीटर की थ्रो के साथ रजत पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया। 57 मीटर 37 सेंटीमीटर की थ्रो के साथ और कांस्य पदक दिल्ली के अर्जुन ने 54 मीटर 90 सेंटीमीटर की थ्रो के साथ जीता। इस शानदार सफलता पर ग्रीवेंस कमेटी एएफआई के सदस्य राजकुमार मिटान, एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह, और टीम कोच व मैनेजर जसवंत सिवाच एवं अजय कुमार ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## खबर संक्षेप

### क्रीमिया पर यूक्रेन का भीषण ड्रोन हमला

**कीव।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को जानकारी दी कि उनकी वायु सेना ने यूक्रेन के 660 ड्रोनों को मार गिराया है। यह हमला रूस के 12 अलग-अलग इलाकों के साथ-साथ क्रीमिया



प्रायद्वीप, काला सागर और आजोव सागर में किया गया। हमले में मॉस्को के दक्षिण में स्थित तुला क्षेत्र में एक घर को नुकसान पहुंचा और एक महिला घायल हो गई। तुला के गवर्नर ने बताया कि नोवोमोस्कोव्स्क शहर में एक बिजली लाइन और एक औद्योगिक केंद्र को नुकसान पहुंचा है।

### जेल से भागा कैदी दबोचा, पैर में लगी गोली

**परतापुर।** आजीवन कारावास की सजा काट रहा सिद्धदोष कैदी इज्जतनगर स्थित केंद्रीय कारागार से भाग गया था। चार दिन बाद पुलिस ने उसे परतापुर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी से बचने के लिए



कैदी ने पुलिस पर फायरिंग भी की, जवाबी फायरिंग में कैदी के पैर में गोली लगी।बंदी दिनेश ने बताया कि वह अमरोहा के डिडोली थाना क्षेत्र का निवासी है।

### मुंडका में जहरीली गैस से 3 की मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के मुंडका में शुक्रवार को एक फैक्टरी में हादसा हुआ। 3लोगों की मौत हो गई। वेसेप्टिक टैंक के अंदर जहरीली गैस की चपेट में आ गए।दिल्ली फायर सर्विस के अनुसार,दोपहर



12:03 बजे एक कॉल आई जिसमें बताया गया कि मुंडका इंडसट्रियल एरिया की एक फैक्टरी में कुछ लोग सेप्टिक टैंक के अंदर फंस गए हैं।

### 7वीं-9वीं में नहीं लागू होगी 'नई भाषा नीति'

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने 7वीं, 8वीं और 9वीं के छात्रों को बड़ी राहत दी है। दो विदेशी भाषाएं चुन चुके छात्र 10वीं तक उसी भाषा संयोजन के साथ पढ़ाई जारी रख सकेंगे। दो भारतीय भाषाएं पढ़ने की अनिवार्यता केवल कक्षा 6 से नए छात्रों पर लागू होगी। तीन-भाषा नीति के तहत कम से कम दो भारतीय भाषाएं पढ़ने की अनिवार्यता केवल आगे आने वाले छात्रों पर लागू होगी।

60 पैरा फील्ड हॉस्पिटल से 41 सदस्यीय दल भूकंप प्रभावितों को चिकित्सा सेवाएं देंगे

# भारत ने शुरू किया 'ऑपरेशन अमिस्ताद', सेना की एक विशेष मेडिकल टीम वेनेजुएला रवाना

*भारतीय सेना के अनुसार उनकी यह मेडिकल टीम अपने साथ लगभग छह टन चिकित्सा सामग्री और मानवीय राहत सामग्री लेकर गई है। इनमें भारत के आरोग्य मैत्री परियोजना के तहत विकसित अत्याधुनिक भीष्म क्यूब भी शामिल है*



**सेना के दो विमानों में 9 अनुभवी सैन्य चिकित्सक शामिल**

**उपचार, सर्जरी, ट्रामा प्रबंधन, गहन चिकित्सा सुविधा प्रदान करेंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तरी वेनेजुएला में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने मानवीय सहायता और आपदा राहत के तहत 'ऑपरेशन अमिस्ताद' शुरू किया है। इस अभियान के माध्यम से भारत ने प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की पहल की है। इसके लिए भारतीय सेना की एक विशेष मेडिकल टुकड़ी को वेनेजुएला रवाना किया गया है। भारतीय सेना के 60 पैरा फील्ड हॉस्पिटल से 41 सदस्यीय दल, भारतीय वायुसेना के दो विमानों से वेनेजुएला के लिए रवाना हुआ है। इनमें नौ अनुभवी सैन्य चिकित्सक भी शामिल हैं। यह दल वेनेजुएला के आपदा-प्रभावित क्षेत्रों में आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं, गंभीर रूप से घायल लोगों का उपचार, सर्जरी, ट्रॉमा प्रबंधन तथा प्रभावित लोगों को गहन चिकित्सा प्रदान करेगा। भारतीय सेना के अनुसार उनकी यह मेडिकल टीम अपने साथ लगभग छह टन चिकित्सा सामग्री और मानवीय राहत सामग्री लेकर गई है। इनमें भारत के आरोग्य मैत्री परियोजना के तहत विकसित अत्याधुनिक भीष्म क्यूब भी शामिल है। यह एक मॉड्यूलर और तेजी से तैनात किया जा सकने वाला फील्ड अस्पताल है।




सेना की विशेष मेडिकल टीम

### भारत हर संभव मदद के लिए तैयार

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया कि ऑपरेशन अमिस्ताद जारी है। उन्होंने लिखा कि भारतीय वायु सेना के दो सी-17 विमान भूकंप प्रभावित वेनेजुएला के राहत एवं बचाव प्रयासों में सहायता के लिए तत्काल राहत सामग्री लेकर रवाना हुए। इस सहायता में भारतीय सेना की फील्ड हॉस्पिटल यूनिट के साथ 35 टन से अधिक राहत सामग्री, दवाइयां और चिकित्सा उपकरण शामिल हैं। इसके अलावा दो भीष्म क्यूब भी भेजे गए हैं।

### मदद में अत्याधुनिक भीष्म क्यूब शामिल

भीष्म क्यूब कम समय में स्थापित होकर लगभग 200 मरीजों तक को उपचार और जीवनरक्षक सुविधाएं प्रदान कर सकता है। इस प्रणाली ने भारत की आपदा प्रतिक्रिया क्षमता को नई मजबूती दी है। इसे दुनिया के विभिन्न संकटग्रस्त क्षेत्रों में त्वरित सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

वेनेजुएला की मदद के लिए ब्राजील भी आया आगे

### पीड़ितों के राहत विकास काम पर नजर रखने का किया वादा

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ फोन पर बात करने के बाद, भूकंप प्रभावित वेनेजुएला में



एक सर्च और रेस्क्यू टीम भेजने का वादा किया। उन्होंने कहा कि ब्राजीलियाई एयर फोर्स का केसी-390 एयरक्राफ्ट शुक्रवार को ग्वारूलहोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट से रवाना होगा, जिसमें 36 फायरफाइटर्स, 4 नेशनल सिविल डिफेंस टेक्नीशियन और नेशनल टेलीकम्युनिकेशन एजेंसी के 4 स्पेशलिस्ट की टीम होगी। यह एयरक्राफ्ट गिरी हुई इमारतों के मलबे में फंसे पीड़ितों के लिए सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन को मजबूत करने के लिए 9 टन का सामान भी ले जाएगा। शनिवार को मदद का काम जारी रहेगा और दूसरी फ्लाइट में फील्ड हॉस्पिटल बनाने के लिए सामान, 100 सोलर-पावर्ड वॉटर प्यूरीफायर, दवाएं और सर्जरी के लिए मेडिकल सप्लाई ले जाई जाएगी। हम पीड़ितों के लिए राहत के कामों के विकास पर नजर रखते रहेंगे।

### भूकंप से करीब 235 लोगों की मौत 4300 घायल, बढ़ सकती है संख्या



वेनेजुएला में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 235 हो गई है, वहीं कम-से-कम 4,300 लोग घायल हैं। स्वास्थ्य मंत्री कार्लोस अल्वाराडो ने कहा कि दुर्भाग्यवश हमारे स्वास्थ्य केंद्रों में लगभग 235 ऐसे लोग लाए गए, जो या तो पहले ही दम तोड़ चुके थे या अस्पताल पहुंचने पर उनकी मौत हो गई। भूकंप के बाद हजारों लोगों के लापता होने की खबर है जिससे आशंका जताई जा रही है कि मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ सकती है। वेनेजुएला की सरकार क्षतिग्रस्त अस्पतालों और घरों के पुनर्निर्माण के लिए 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर का कोष बना रही है।

गोयल की लंदन में व्यापार मंत्री काइल से भेंट

# भारत और यूके के बीच जुलाई मध्य से लागू होगा 'सीईटीए'



एजेंसी ▶▶ लंदन

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और यूके एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो दोनों देशों के लिए इनोवेशन, निवेश और व्यापक विकास को बढ़ावा दे। बिजनेस और ट्रेड सेक्रेटरी पीटर काइल के साथ बातचीत के बाद गोयल ने कहा कि इस बातचीत में वह आत्मीयता, भरोसा और भविष्य की सोच दिखी, जो हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की पहचान बनी हुई है। 15 जुलाई, 2026 से भारत-यूके कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट (सीईटीए) और डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन (डीसीसी) के लागू होने के साथ, हम एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो दोनों देशों के लिए इनोवेशन, इन्वेस्टमेंट और व्यापक विकास को बढ़ावा दे। उन्होंने कहा कि सीईटीए दोनों देशों में विकास और समृद्धि के लिए बड़े अवसर पैदा करेगा।

#### *अहम समझौते का फायदा उठाएं*

*इससे पहले, पीयूष गोयल ने एक व्यापार जगत से जुड़े कार्यक्रम को संबोधित किया जिसमें भारत और यूके, दोनों देशों के बिजनेस लीडर्स और इन्वेस्टर्स ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। गोयल ने कहा सीईटीए व्यापार, निवेश, टेक्नोलॉजी और रणनीतिक सेक्टर में दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करके वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक 'फोर्स मल्टीप्लायर' साबित होगा। उन्होंने निवेशकों और व्यापार प्रमुख से इस अहम समझौते का पूरा फायदा उठाने का आग्रह किया ताकि सहयोग को गहरा किया जा सके, व्यापार और निवेश को बढ़ाया जा सके और अलग-अलग सेक्टर में इनोवेशन को बढ़ावा दिया जा सके। इससे पहले, लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम के यूके-इंडिया वीक 2026 में बोलते हुए, गोयल ने कहा कि भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच साझेदारी पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ी है और अब यह कई सेक्टर को शामिल करते हुए एक बहुत ही रणनीतिक रिश्ते में बदल गई है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध अब पारंपरिक व्यापारिक रिश्तों से आगे बढ़कर टेक्नोलॉजी, निवेश, रक्षा और जरूरी खनिजों में सहयोग तक फैल गए हैं।*

#### गोयल को लंदन में ब्रिटेन-भारत पुरस्कार से नवाजा

पीयूष गोयल को 'ब्रिटेन-भारत संबंधों के उन्नयन में असाधारण नेतृत्व दिखाने' के लिए यहां एक समारोह में सम्मानित किया गया। इस समारोह में दोनों देशों की मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत करने वाली टीमों को भी सम्मानित किया गया। इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) के 'यूके-इंडिया अवाड्र्स 2026' की गुरुवार को दसवीं वर्षगांठ मनाई गई। इस मौके पर 'भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते' (सीईटीए) के लिए खुशी मनाई गई, जो 15 जुलाई से लागू होने वाला है। विशेष पुरस्कार लेते समय गोयल के साथ मंच पर ब्रिटेन के उनके समकक्ष मंत्री पीटर काइल और आईजीएफ के संस्थापक मनोज लाड़वा भी मौजूद थे।

प्रदेश में 16 आईपीएस व 20 एचपीएस के तबादले

## डीजीपी सिंघल को अतिरिक्त प्रभार नाजनीन को आईजी सीआईडी बनाया

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 16 आईपीएस और 20 एचपीएस अधिकारियों के तबादला एवं नई नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। इस फेरबदल में राज्य पुलिस की कानून-व्यवस्था, साइबर, एसटीएफ, सीआईडी, ट्रैफिक, जेल और पुलिस ट्रेनिंग जैसे अहम विंग में नए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कई अधिकारियों को पदोन्नति के साथ नई पोस्टिंग भी मिली है। डीजीपी अजय सिंघल को मौजूदा जिम्मेदारी के साथ हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन का चेयरमैन एवं एमडी बनाया गया। आलोक मित्तल को डीजी जेल, हरियाणा नियुक्त किया गया। उनके पास रेजिडेंट कमिश्नर हरियाणा का अतिरिक्त कार्यभार भी रहेगा। पदोन्नति के बाद नवदीप सिंह विर्क को डीजी, हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो बनाया गया। काला रामचंद्रन को पदोन्नति के साथ डीजीपी ट्रेनिंग एवं निदेशक, हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन की जिम्मेदारी मिली। चारू बाली को एडीजीपी साइबर, एडीजीपी आईटी और एडीजीपी एससीआरबी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। इसके आलवा विकास अरोड़ा को एडीजीपी ईआरएसएस, ट्रैफिक एवं हाईवे के साथ टेलीकम्युनिकेशन की जिम्मेदारी भी दी गई।

#### मनीष चौधरी को आईजी जेल का अतिरिक्त कार्यभार

राकेश कुमार आर्य को आईजी कानून-व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है। मनीष चौधरी को आईजी जेल का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया। नाजनीन भसीन को आईजी सीआईडी बनाया गया। वहीं सुरेंद्र पाल सिंह को डीआईजी एसटीएफ नियुक्त किया गया। राजिंदर कुमार मीणा को जॉइंट सीपी फरीदाबाद लगाया गया। डॉ. अंशु सिंगला को डीसीपी मुख्यालय, गुरुग्राम बनाया गया। सुरेंद्र सिंह भोरिया को एसपी लॉ एंड ऑर्डर, पुलिस मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार मिला। अनिल कुमार (एचपीएस) को एसपी एसटीएफ, करनाल नियुक्त किया गया।

जेजू फोरम 2026 में बोले जयशंकर

## वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय 'सहयोग' अब अनिवार्य

**सिओल (एजेंसी)।** रिपब्लिक ऑफ कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्युन के निमंत्रण पर दक्षिण कोरिया के आधिकारिक दौरे पर गए भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को जेजू में शांति और समृद्धि के लिए जेजू फोरम फॉर पीस एंड प्रॉस्पेरिटी 2026 के उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण दिया। इस अवसर पर जयशंकर ने कहा कि विडंबना यह है कि जिन चुनौतियों का हम सामना कर रहे हैं, उन्होंने एकजुटता की आवश्यकता को और अधिक मजबूत किया है। चाहे कोविड जैसी महामारी हो, आतंकवाद की घटनाएं हों या फिर चरम जलवायु घटनाओं का प्रभाव, इन समस्याओं को राजनीतिक सीमाओं के भीतर सीमित नहीं किया जा सकता। अंतरराष्ट्रीय सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि क्योंकि हमारी मुख्य




पहचान और फैसले लेने की आदत असल में देश से जुड़ी है, इसलिए यह अपने आप नहीं होता। इसलिए दुनिया के प्रति खुलापन लाना जरूरी है। भारत में, हम इसे पारंपरिक रूप से 'वसुधैव कुटुम्बकम' के नाम से जानते हैं, दुनिया एक परिवार है। अभी हम जो ज्यादातर उथल-पुथल देख रहे हैं, वह उन समाजों के बारे में है जो इस विश्वास को चुनौती देते हैं। जयशंकर ने विदेश मंत्री चो ह्युन को भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग की अगली मीटिंग के लिए आपसी सहमति से तय तारीख पर भारत आने का न्योता दिया।

मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के फैसले को अवैध बताया

# इस्लाम अपना लिया तो नहीं मिलेगा पिछड़ी जाति का दर्जा साथ ही आरक्षण का फायदा

### धर्म परिवर्तन और आरक्षण पर अहम फैसला सुनाया

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट ने हाल ही में धर्म परिवर्तन और आरक्षण को लेकर एक बेहद अहम फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के उस आदेश को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया है, जिसके तहत हिंदू धर्म की पिछड़ी, अति-पिछड़ी या अनुसूचित जाति से इस्लाम अपनाने वाले लोगों को 'बैकवर्ड क्लास मुस्लिम' का दर्जा और आरक्षण देने की बात कही गई थी। जस्टिस जी आर स्वामीनाथन और जस्टिस पी बी बालाजी की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि कोई भी व्यक्ति इस्लाम अपनाने के बाद सिर्फ एक मुस्लिम होता है। कोई भी शख्स इस्लाम अपनाने के बाद सिर्फ 'एक मुसलमान' रह जाता है। बस बात यहीं खत्म। वह बैकवर्ड क्लास मुस्लिम के दर्जे या आरक्षण का दावा कतई नहीं कर सकता।



#### यह था मामला?

यह मामला थूथुकुडी जिले के रहने वाले समीर अहमद की याचिका के बाद सामने आया। पहले उसका नाम परमशिवम था। परमशिवम का जन्म एक हिंदू परिवार में हुआ था। 2015 में उसने इस्लाम धर्म अपनाकर अपना नाम समीर अहमद रख लिया और मुस्लिम रीति-रिवाजों से शादी की। धर्म परिवर्तन के बाद समीर ने आवेदन तहसीलदार के पास दिया था। 'मुस्लिम लेब्बाई' जाति का कम्युनिटी सर्टिफिकेट पाने के लिए आवेदन किया। इस जाति को तमिलनाडु में 'पिछड़े वर्ग के मुसलमानों' का दर्जा प्राप्त है। तहसीलदार ने समीर का आवेदन खारिज कर दिया था।

## जन धन, डिजिटल भुगतान समेत भारत की वित्त से संबंधी उपलब्धियों पर की बातचीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने नीदरलैंड की महारानी मैक्सिमा से मुलाकात की। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि नीदरलैंड्स की रानी मैक्सिमा से मिलकर खुशी हुई। वह संयुक्त राष्ट्र महासचिव की वित्तीय स्वास्थ्य के लिए विशेष प्रतिनिधि (यूएनएसजीएसए) भी हैं और लंबे समय से दुनिया भर में वित्तीय समावेशन की समर्थक रही हैं। बैठक के दौरान उन्होंने इस बात पर चर्चा की कि कैसे भारत में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए हो रहा बदलाव कैसे वित्तीय सेवाओं को ज्यादा लोगों तक पहुंचा रहा है और उन्हें किफायती



बना रहा है। इससे लोगों की 'जीवन को आसान बनाने' में मदद मिल रही है और बड़े स्तर पर लोगों को सशक्त बनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत अपने अनुभवों को दुनिया भर के साझेदार देशों के साथ साझा करने के लिए हमेशा तैयार है। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय (27-29 जून 2026) दौरे पर सेशेल्स जाएंगे। पीएम मोदी सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस के मौके पर आयोजित गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे।

टैरिफ पर अमेरिका की भारत को धमकी

## अभी डील नहीं हुई तो उसी स्तर पर पहुंच जाएंगे: बेसेंट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वाशिंगटन। भारत-यूएस ट्रेड डील पर बातचीत अंतिम चरण पर है। भारतीय बातचीत करने वालों ने सेक्शन 301 टैरिफ पर बेहतर क्लैरिटी और ट्रेड डील साइन करने से पहले दूसरे देशों के मुकाबले कॉम्पिटिटिव बढ़त की ज़रूरत पर ज़ोर दिया है। इसी बीच, यूएस ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि यूएस ट्रेड एक्ट 1974 के सेक्शन 301 के इस्तेमाल से टैरिफ पिछले लेवल पर वापस आ जाएंगे। भारत के साथ व्यापार वार्ता के बीच यूएस ने चेतावनी दी कि



टैरिफ ठीक वहीं वापस आ जाएंगे जहां वे थे। बेसेंट ने एक टीवी साक्षात्कार में कहा कि हमने टैरिफ प्रोग्राम को फिर से शुरू किया है। अभी, हमारे पास सेक्शन 122 टैरिफ नाम की कोई चीज है, जो 10 परसेंट का ग्लोबल टैरिफ है। वॉशिंगटन ने पहले ही भारत पर 12.5 परसेंट टैरिफ का प्रस्ताव दिया है, जिसके 7 जुलाई से लागू होने की उम्मीद है। एक और सेक्शन 301 के नतीजे भी अगले महीने के आखिर से पहले आने की उम्मीद है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28